


उत्तर से होगी शुरुआत, दक्षिणी हिस्सा रहेगा अंतिम पड़ाव

## मानसून विदाई का बनने लगा माहौल तीन-चार दिन में रायपुर से वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में उत्तर-पूर्व मानसून आने के पहले दक्षिण-पश्चिमी मानसून की विदाई होने लगी है। 15 अक्टूबर तक समूचे छत्तीसगढ़ से इस की रवानगी होने की संभावना बन रही है। मानसून की रवानगी उत्तरी हिस्से यानी सरगुजा से शुरू होकर अंतिम पड़ाव दक्षिणी क्षेत्र मतलब बस्तर होगा। तब तक स्थानीय प्रभाव से विभिन्न हिस्से खासकर मध्य क्षेत्र में छिटपुट बारिश होने की संभावना बनी हुई है। आने ▶▶| शेष पेज 8 पर

- स्थानीय प्रभाव से मध्य हिस्से में छिटपुट बारिश का प्रभाव

### शहर में 13 सेमी. बारिश

*मौसम विभाग आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में बारिश का प्रभाव कम होता है और औसत वर्षा लगभग 5 सेमी. होती है। इसके विपरीत यहां बीते 11 दिनों में 13 सेमी. बारिश हो चुकी है जो सामान्य से 428 फीसदी ज्यादा है। राज्य में पोस्ट मानसून गतिविधि के तहत 7 सेमी. पानी गिर चुका है जो औसत से 113 फीसदी अधिक है। केवल बेमेतरा में 28 मिमी. की तुलना में 22 मिमी. बारिश हुई है।*

**खबर संक्षेप**

### त्योहार के मद्देनजर आईजी ने ली मीटिंग



**रायपुर।** दीपावली तथा मातर त्योहार, वीआईपी प्रवास को देखते हुए आईजी अमरेश मिश्रा ने शनिवार को पुलिस अफसरों की क्राइम मीटिंग ली। बैठक में आईजी ने पुलिस अफसरों को कानून व्यवस्था बनाए रखने बदमाशों पर नकेल कसने निर्देश दिए, साथ ही विजिबल पुलिसिंग करने की बात पर जोर दिया। वहीं लंबित अपराध, मर्ग एवं गुम इंसान के प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने निर्देश दिए।

### सट्टा खिलाते धरे गए दो सटोरिए, पर्ची जब्त

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने सट्टा संचालित करते दो सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टे की रकम के साथ सट्टा पर्ची जब्त की है। पुलिस ने सट्टा संचालित करने के आरोप में खमतराई उड़िया बस्ती निवासी विकास शर्मा उर्फ गोविंद तथा श्रीनगर निवासी राकेश जंघेल को गिरफ्तार किया है। दोनों को पुलिस ने शिवानंद रोड पर सट्टा खिलाते गिरफ्तार किया है।

तकनीकी काम केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन काम करने वाली सी-डैक संभाल रही

# वेंटिलेटर पर पहुंची डायल-112 सेवा कॉल नहीं लगने से लोग होते रहे परेशान


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आपातकालीन सेवा देने वाला डॉयल-112 शनिवार को अचानक वेंटिलेटर पर आ गया। इमरजेंसी सेवा में नंबर डायल करने पर कॉल कनेक्ट नहीं हो पा रहा था। इसके कारण लोग परेशान होते रहे। डॉयल-112 सेवा के अधिकारियों से संपर्क करने पर अफसरों ने सुचारू रूप से सेवा चालू होने की बात कही। हरिभूमि, आईएनएच की टीम ने डॉयल-112 से संपर्क करने की कोशिश की, तो संपर्क नहीं हो पाया। शिकायत के बाद सेवा पुनः सुचारू रूप से संचालित हो पाई।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन काम करने वाली सी-डैक केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स डॉयल-112 में तकनीकी काम संभाल रही है। डॉयल-112 में गाड़ियों का संचालन अभी भी एवीपी ▶▶| शेष पेज 8 पर

### एक दर्जन राज्यों में सी-डैक की सेवा

जिस संस्था को कैबिनेट के प्रस्ताव पर डॉयल-112 सेवा के लिए तकनीकी काम सौंपा गया है, कई राज्यों में सी-डैक की सेवा में कमी होने की बात आई है। विरोध के बाद भी कंपनी को छत्तीसगढ़ में तकनीकी काम सौंपा गया है। सी-डैक ने पिछले महीने से डॉयल-112 में तकनीकी सेवा देना शुरू की है। बताया जा रहा है, पूरी तरह से सेटअप तैयार नहीं होने की वजह से डॉयल-112 में कॉल कनेक्ट नहीं हो पाया।



**कब दौड़ेगी 400 बोलेरो**

डायल-112 अभी एक दर्जन जिलों में चल रही है। इसे 33 जिलों में चलाने की योजना है। इसके लिए ढाई वर्ष पूर्व 40 करोड़ की लागत से 400 बोलेरो खरीदी गई। टेंडर नहीं होने से सभी नई गाड़ियां धूल खाती खड़ी रहीं। गाड़ी खरीदने के बाद आज तक इन्हें सड़क पर नहीं उतारा गया। पीएचक्यू टेंडर होने का इंतजार कर रही है। जब नई कंपनी को टेंडर मिलेगा, तो उसे यह गाड़ी दी जाएगी। टेंडर नहीं हुआ, तो आगे भी गाड़ियां ऐसे ही खड़ी रहेंगी।

### सिस्टम अपडेट नहीं होने से बढ़ेगी समस्या

*एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने भी स्वीकार करते हुए कहा कि डॉयल-112 सेवा के लिए नई एजेंसी नहीं आ पाने की वजह से तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं। जल्द ही डॉयल-112 सेवा के लिए नई एजेंसी तय नहीं होने पर आने वाले समय में समस्या और बढ़ेगी। वर्तमान में डॉयल-112 में जितनी गाड़ियां चल रही हैं, उनमें आधे से ज्यादा एक लाख किलोमीटर से ज्यादा चल गई हैं। ज्यादातर गाड़ियां मरम्मत कर चलाई जा रही हैं। इस वजह से डॉयल-112 की गाड़ियां रिस्पांस समय में मौके पर नहीं पहुंच पातीं।*

दिवाली मनाने घर आना हुआ महंगा

## बेंगलुरु-पुणे का किराया 16 से 20 हजार तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे दूसरे शहरों से त्योहार मनाने घर (रायपुर) आना महंगा होने लगा है। बेंगलुरु और पुणे की फ्लाइट का किराया अभी से 16 से 20 हजार रुपये तक पहुंच गया है। इसके अलावा रायपुर आने वाली अन्य फ्लाइट का फेयर दस हजार से ऊपर हो गया है। त्योहार तक शहर आने वालों को ज्यादा किराया देना होगा इसके बाद छुट्टियां खत्म होने पर वापस कार्यस्थल जाने वालों को अधिक फेयर चुकाना होगा।

- दीपावली के बाद लौटने वालों की होगी भीड़, तब वापसी की फ्लाइट पर दिखेगा असर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से 13 शहरों के लिए फ्लाइट का संचालन होता है। कई शहरों के लिए यात्रा करने लोगों के पास दूसरे और तीसरे फ्लाइट का ▶▶| शेष पेज 8 पर

**रायपुर आने का किराया कुछ इस प्रकार**

| शहर | दिवाली तक का फेयर ऑनलाइन साइट अनुसार |
|---|---|
| पुणे | 18 से 20 हजार तक |
| बेंगलुरु | 15 से 17 हजार तक |
| चेन्नई | 12 से 13 हजार तक |
| कोलकाता | 7 से 11 हजार |
| हैदराबाद | 13 से 16 हजार |
| मुंबई | 11 से 18 हजार |





धनतेरस, दिपावली एवं भाईदूज, शुभ मंगलकारी हो...
NAGINA
नगीना GEMS
रत्नों का अनुपम आकर्षक खजाना
सदर बाजार, रायपुर, मो. 9669992999, 0771-2555623
सही दाम
सही काम
सही नाम
Lab Grown Diamond
असली से कम नही
अर्हम जेम्स टेस्टिंग लेब
अरिहंत-दर्शन
जैन गर्ल्स हॉस्टल
शुद्ध, स्वादिष्ट शाकाहारी भोजन
एयरकंडिशन
लिफ्ट,सीसी टीवी
ई-रिक्शा
आर.ओ. पानी
स्टडी रूम
पार्किंग सुविधा
लक्ष्मी नगर, पचपेढ़ी नाका, रायपुर, फो. 0771-2996595
94252-06595 | 99936-87182
अरिहंत दर्शन
ATUL
राजश्री बुटिक
सदर बाजार, रायपुर, मो. 94255-01991
Arihant O.T. & Surgical
औषधी वाटिका, डूमरतराई, रायपुर, मो. 98262-46666

तीन चरणों में 12 से 14 के बीच कलेक्टर, एसपी और डीएफओ की रहेगी मौजूदगी

# आज कलेक्टरों की क्लास लेंगे सीएम, कल पुलिस अधीक्षकों की बारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 12 से 14 अक्टूबर तक रायपुर में कलेक्टर-एसपी की बैठक लेंगे। रविवार को पहले दिन कलेक्टरों की क्लास सीएम लेंगे। वहीं सोमवार को जिला पुलिस अधीक्षकों की बारी है। मुख्यमंत्री इस बैठक के जरिए योजनाओं की प्रगति, कानून-व्यवस्था की स्थिति और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे।

कलेक्टर, एसपी और डीएफओ की संयुक्त मौजूदगी से यह तय किया जा सकेगा कि जमीनी स्तर पर योजनाएं किस तरह से लागू हो रही हैं। यह तीन चरणों में होगी, पहले चरण में 12 अक्टूबर को कलेक्टरों की बैठक आयोजित होगी। 13 अक्टूबर को कलेक्टरों के साथ एसपी और डीएफओ भी शामिल रहेंगे। इसके बाद 14 अक्टूबर को राज्य स्तरीय सुशासन शिखर सम्मेलन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री सुशासन के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन देंगे। सम्मेलन से उम्मीद है कि प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूती मिलेगी।

### योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

बैठक में विभागीय तालमेल को प्राथमिकता दी जा रही है, इससे शासन व्यवस्था में पारदर्शिता भी बढ़ेगी। बैठक में वन विभाग के अधिकारी, विशेषकर सभी डिवीजनों के डीएफओ (वन मंडलाधिकारी) भी शामिल होंगे। यह पहली बार होगा जब कलेक्टर-एसपी की बैठक में डीएफओ को औपचारिक रूप से शामिल किया जा रहा है। बैठक का उद्देश्य प्रशासनिक और विकास कार्यों में बेहतर समन्वय स्थापित करना है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक राज्य की प्रशासनिक कसावट और को नई दिशा देने का एक बड़ा मंच साबित होगी।

### धान और मक्का खरीदी पर फोकस

रायपुर कलेक्टर कांफ्रेंस के लिए विभिन्न विभागों के 18 विषयों को लेकर एजेंडा जारी कर दिया गया है। 12 अक्टूबर को कलेक्टर कांफ्रेंस में एजेंडों पर प्रस्तुतिकरण प्रशासकीय विभाग द्वारा दिया जाएगा। जिला कलेक्टरों को धान और मक्का खरीदी की तैयारी के संबंध में विशेष फोकस रहेगा। खाद्य विभाग इस संबंध में प्रस्तुतिकरण करेगा। इसमें कृषक पंजीयन, गिरदावरी का सत्यापन, खरीदी केंद्रों की तैयारी, खरीदी केंद्र प्रभारी की तैनाती, बारदानों की व्यवस्था, बिचौलियों व राज्य के बाहर से आने वाले धान की रोकथाम और वर्ष 2024-25 के धान का उठाव पर प्रस्तुतिकरण दिया जाएगा।



### ई-सेवाओं पर चर्चा

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के क्रियान्वयन की स्थिति, ई-सेवाएं एवं लोक सेवा गारंटी सामान्य प्रशासन विभाग व सूचना प्रोद्यौगिकी विभाग, मोबाइल टॉवर्स की स्थिति इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, शासकीय खरीदी में पारदर्शिता, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, हितग्राही मूलक योजनाओं में ई-केवायसी एवं डीबीटी द्वारा भुगतान, पूंजीगत व्यय संबंधी कार्यों में तेजी लाना, शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार जैसे विषयों पर जिला कलेक्टर्स से बात की जाएगी।

### स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मातृ एवं शिक्षा स्वास्थ्य संबंधी विषय, आरोग्य मंदिर के संचालन की स्थिति एनसीडी स्क्रीनिंग व उपचार, आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन की स्थिति, सम्पूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति, टीबी, मलेरिया तथा डेंगू की रोकथाम की व्यवस्था, मितानिन दवा पेटी के लिए औषधियों की व्यवस्था, पीएमए भीम के क्रियान्वयन की स्थिति पर प्रस्तुतिकरण देगा।

### शिक्षा और आदिम जाति की योजनाओं पर चर्चा

शिक्षा गुणवत्ता में सुधार कार्यक्रमों पर शिक्षा विभाग जानकारी देगा। एनईपी का प्रभावी क्रियान्वयन, 10वीं एवं 12वीं परीक्षा के परिणामों का विश्लेषण, शिक्षकों की उपस्थिति, पीएम पोषण, सरस्वती सायकल वितरण, पीएमश्री योजना, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान, धरती आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, पीएम जनमन, छात्रवृत्ति स्वीकृति एवं वितरण, एकलव्य विद्यालयों की स्थापना व संचालन, आवास योजना के लक्ष्य की समीक्षा, मिशन अमृत 2.0 का क्रियान्वयन, नगरीय प्रशासन विभाग इस संबंध में जानकारी देगा।

## खबर संक्षेप



### रेलवे पोर्टर्स मजदूरों का रेल प्रबंधन को ज्ञापन

**रायपुर।** रेलवे लायसेंसी पोर्टर्स मजदूर सहकारी संस्था द्वारा रेल्वे में निजी बैटरी कार परिचालन को लेकर काफी नाराजगी देखी जा रही है। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष थानेश्वर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि दुर्ग के पूर्व विधायक अरुण वोरा तथा दिप्तेश चटर्जी के नेतृत्व में 10 अक्टूबर को मंडल रेल प्रबंधक दयानंद को ज्ञापन सौपा गया। साथ ही मांग की गई कि निविदा में लगेज नहीं ढोने तथा भविष्य में कभी भी संशोधित कर नहीं बदला जाए तथा ऐसा करने पर कार्यवाही की मांगी की गई।

### दीपावली पर्व पर भंडारा उपहार सामग्री वितरण

**रायपुर।** राजधानी के वीआईपी रोड स्थित आशाराम बापू आश्रम की ओर से जरूरतमंद की सेवा के लिए 2 स्थलों पर भंडारा वितरण कार्यक्रम आयोजित है। पहला भंडारा 12 अक्टूबर ग्राम कोरर, जिला कांकेर में आयोजित होगा। इसमें आदिवासी परिवारों को आवश्यक वस्तुएं वितरित की जाएंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे किया जाएगा। दूसरा भंडारा 18 अक्टूबर को राजधानी के वीआईपी रोड स्थित लवकुश वाटिका में होगा। इस मौके पर गरीब व जरूरतमंदों को उपहार सामग्री प्रदान की जाएगी। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा।

### नरेंद्र सिंह के स्मृति में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह



**रायपुर।** शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ संस्था के द्वारा राज्यभर के विभिन्न जिलों में शिक्षकों तथा अन्य क्षेत्रों में कार्यरत शासकीय कर्मचारियों तथा पत्रकारों का सम्मान किया गया। इस दौरान महासमुंद, राजनांदगांव, कोंडागांव, सारंगढ़, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर आदि विभिन्न जिलों के उत्कृष्ट व्यक्तियों को छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक संजय कुमार मैथिल एवं संस्था के अध्यक्ष मीना भारद्वाज ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर डॉ. निधि चंद्राकर, डॉ. राजेंद्र पाटकर, नारायण पांडे, मोहित शर्मा उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय तेलुगू ब्राह्मण युवक युवती परिचय वेदिका आज

**रायपुर।** आंध्र ब्राह्मण समाज द्वारा राष्ट्रीय तेलुगू ब्राह्मण युवक-युवती परिचय वेदिका का भव्य आयोजन होगा। यह कार्यक्रम गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगलम भवन में 12 अक्टूबर को किया गया है। अब तक विभिन्न राज्यों एवं छत्तीसगढ़ के लगभग 250 युवक–युवतियां इस राष्ट्रीय परिचय वेदिका के लिए अपना पंजीकरण करा चुके हैं, जो समाज में इस आयोजन की व्यापक स्वीकृति और उत्साह को दर्शाता है। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि प्री-रजिस्ट्रेशन से चुके इच्छुक अभिभावक अपने पुत्र-पुत्रियों के बायोडाटा कार्यक्रम स्थल पर भी जमा कर सकते हैं। आयोजन स्थल पर स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

1601 मंडलों और 666 बस्तियों में होंगे कार्यक्रम

# प्रदेश में दो हजार स्थानों पर होगा हिंदू सम्मेलन स्वयंसेवक घर-घर जाकर बताएंगे संघ के काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह शताब्दी वर्ष है। इसके लिए कई कार्यक्रम तय किए गए हैं। सबसे अहम हिंदू सम्मेलनों का आयोजन है। प्रदेश में आरएसएस विजयादशमी से लेकर 15 अक्टूबर तक विजयादशमी वर्ष मना रहा है। इसमें दो हजार स्थानों पर पंथ संचलन का कार्यक्रम किया जा रहा है। इसके बाद दिसंबर में हिंदू सम्मेलन होंगे।

इसमें आरएसएस के 1601 मंडल और शहरी क्षेत्रों की 666 बस्तियां शामिल हैं। इन सम्मेलनों में साधु, संतों के साथ समाज के प्रमुखों का मार्गदर्शन मिलेगा। इसी के साथ सालभर लगातार कार्यक्रम होंगे। अगले माह घर-घर चलो अभियान होगा। प्रदेश के सभी हिंदुओं के घरों तक स्वयंसेवक जाएंगे। लोगों को आरएसएस के बारे में बताने के साथ ही सभी को भारत माता की तस्वीर भेंट की जाएगी। आरएसएस ने अपने शताब्दी वर्ष में साल भर के लिए कार्यक्रम तय किए हैं। इसका आगाज विजयादशमी के हो गया है। विजयादशमी पर आरएसएस हमेशा से पथ संचलन का आयोजन करता है। इस बार दो अक्टूबर को विजयादशमी से लेकर 15 अक्टूबर तक प्रदेश में दो हजार स्थानों पर पथ संचलन का कार्यक्रम किया जा रहा है।



### घर-घर जाएंगे, देंगे भारत माता की तस्वीर

नवंबर से घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश के घर गांव के हिंदू परिवारों के घरों तक स्वयंसेवक जाएंगे और उनको आरएसएस के सौ सालों में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी देंगे। लोगों को संघ का साहित्य भी वितरित किया जाएगा। सबसे अहम सभी घरों में भारत माता की तस्वीर दी जाएगी। इस संपर्क अभियान के माध्यम से लोगों को संघ से जोड़ने का काम किया जाएगा। इसी के साथ संघ की शाखाओं का भी प्रदेश में विस्तार किया जाएगा। इस समय प्रदेश में 1855 शाखाएं हैं।

### समाज को संगठित करने हिंदू सम्मेलन

आरएसएस ने हिंदू समाज को संगठित करने के लिए ही देश भर में हिंदू सम्मेलन आयोजित करने का फैसला किया है। छत्तीसगढ़ में आरएसएस के 1601 मंडल हैं। ये मंडल प्रदेश के 19 हजार से ज्यादा गांवों को मिलाकर बनाए गए हैं। एक मंडल में आठ से दस गांवों का रखा गया है। अब हर मंडल में हिंदू सम्मेलन होंगे। इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में 666 बस्तियां हैं। इनमें भी हिंदू सम्मेलन होंगे। प्रांत संघ चालक टोप लाल वर्मा ने बताया, हिंदू सम्मेलन करने का मकसद समाज को संगठित करना है। सम्मेलनों में मंडलों से जुड़े गांवों के लोगों को एक मंच पर लाएंगे। सम्मेलन में साधु, संतों के साथ विभिन्न समाज से जुड़े लोग भी शामिल होंगे। इसमें इनका मार्गदर्शन मिलेगा।

### युवा सम्मेलन और गोष्ठी

कार्यक्रमों की कड़ी में जनवरी में युवाओं के लिए युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 221 स्थानों पर होगा। इसमें 152 खंड और 69 नगर शामिल हैं। इसमें युवाओं की समस्याओं को भी जानने के साथ उनका निदान कैसे हो इस पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा मार्च में एक अलग तरह का आयोजन प्रमुख जन गोष्ठी होगी। इसमें अलग-अलग वर्गों के प्रमुख शामिल होंगे। जैसे ऑटो, ट्रक, टैक्सी के वाहन चालक। किसान, वकील, व्यापारी इनके प्रमुखों को बुलाकर एक मंच दिया जाएगा। सभी में राष्ट्रीयता और समाज को संगठित करने की भावना जगाने का काम होगा।

### राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भी आएंगे

शताब्दी वर्ष में विजयादशमी से लेकर साल भर कई कार्यक्रम होंगे। हिंदू सम्मेलन, घर-घर संपर्क अभियान से लेकर कई आयोजन साल भर चलेंगे। इनमें हमारे प्रदेश स्तर के स्वयंसेवक और पदाधिकारी तो शामिल होंगे ही साथ ही राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भी आएंगे।

**- टोपलाल वर्मा**
प्रांत संघचालक

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष बनाने विधानसभा के पूर्व प्रत्याशियों का समर्थकों पर दबाव

- पर्यवेक्षक के सामने उमड़ रही भीड़, 15 को दावेदारों से मिलेंगे
- ग्रामीण से अधिकतर दावेदार ओबीसी, उधो, नागभूषण और प्रवीण प्रबेल दावेदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस जिला अध्यक्षों के नामों के मंथन में ब्लॉक में पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के बीच मंथन का दौर जारी है, इस बीच यह जानकारी निकलकर सामने आ रही है कि विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों द्वारा अपने समर्थकों पर उनकी पसंद के लोगों के नाम लेने का दबाव है।

यहां पर आ रही भीड़ उनके समर्थक ही ज्यादा आ रहे हैं। बताया जाता है जिस तरह का माहौल है उनमें कार्यकर्ता यहां वहां घूम रहे हैं। ग्रामीण जिला अध्यक्ष के लिए जो नाम सामने आए हैं। यहां पर ओबीसी वर्ग से नाम आगे बढ़ाने की रणनीति के बीच इसी वर्ग के लोगों की दावेदारी ज्यादा देखने को मिल रही है। पूर्व जिला ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा जो पांच साल से अध्यक्ष का पद संभाल रहे हैं। वे फिर से दावेदारी कर रहे हैं। वहीं तीन बार के पूर्व पार्षद और एमआईसी मेंबर नाग भूषण राव यादव भी सक्रिय हैं। ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से सतत संपर्क में हैं। वहीं अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय प्रवीण साहू का दावा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र पप्पू बंजारे, खिलेश्वर देवांगन, भावेश बघेल और विपिन मिश्रा इस पद के लिए लगातार कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मिल रहे हैं। केंद्रीय पर्यवेक्षक को यहां पैनल तैयार करेंगे। ग्रामीण क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी यह चाहते हैं कि उनके पसंद का नाम सामने आए। ऐसे में पर्यवेक्षक के समक्ष दुविधा की स्थिति है।

### पीसीसी और प्रदेश प्रभारी देंगे अपनी राय

बताया जाता है कि शहर के चारों विधानसभा क्षेत्र से सक्रिय कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता से चर्चा के बाद अंत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी से भी इस संबंध में राय ली जाएगी। उन नामों को शामिल करते हुए एआईसीसी के समक्ष पैनल प्रस्तुत किया जाएगा। एआईसीसी इन नामों के आधार पर फीडबैक लेकर नए अध्यक्ष का ऐलान किया जाएगा। वैसे 41 संगठन जिलों में पीसीसी ने पहले ही नाम तय कर लिया है। उन नामों के आधार पर पर्यवेक्षक अपनी सूची बनाएंगे।

# साव बोले- आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ की भी अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान वोकल फॉर लोकल को लेकर आज देश में जो वातावरण बना है, यह बताता है कि आमजन इस अभियान से स्वस्फूर्त जुड़कर भारत को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ की भी अपनी अहम भूमिका है। छत्तीसगढ़ की परंपरागत कला-संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्थापित करने की दिशा में हम काम कर रहे हैं। इनमें बस्तर की लोक कला, जशपुर की कॉफी, महिला स्व-सहायता समूह के हर्बल उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने का काम हो रहा है। बस्तर आर्ट, डोकरा, टेराकोटा भारत की सांस्कृतिक आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनकर




उभरे और जैविक और प्राकृतिक खेती से किसान आर्थिक रूप से मजबूत हुए हैं। श्री साव ने शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, भाजपा पूरे देश में स्वदेशी अपनाने के आग्रह के साथ एक व्यापक आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान 25 सितंबर पंडित दीनदयाल जयंती से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक चला रही है। इस अभियान के कार्यक्रम लगातार चल रहे हैं। श्री साव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से देश के अंदर काफी काम हुए हैं। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए, देश की अर्थव्यवस्था में परिवर्तन हुए।

**मोदी ने दिया आत्मनिर्भर भारत का मंत्र**

श्री साव ने कहा, कोरोना काल में ही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का मंत्र दिया और उस पर काम करना चालू किया। इन सब बातों को लेकर आत्मनिर्भर भारत हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी अभियान को लेकर हम चल रहे हैं।

# बिहार चुनाव में कुछ प्रत्याशियों के नामांकन में जाएंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री और डिप्टी मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिहार में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव में पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन का दौर प्रारंभ हो गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और दोनों डिप्टी सीएम भी कुछ प्रत्याशियों के नामांकन में शामिल होने जाएंगे। बिहार के मंत्री रहे नितिन नवीन छत्तीसगढ़ के प्रभारी हैं। ऐसे में इस बात की संभावना ज्यादा है कि उनके नामांकन में प्रदेश के कई नेता जाएंगे। राष्ट्रीय संगठन से जिनको जाने के निर्देश मिलेंगे वे जाएंगे। इसी के साथ प्रदेश के मंत्रियों, विधायक, सांसदों से लेकर भाजपा के कई नेता प्रचार करने जाएंगे। भाजयुमो का एक दल दिल्ली में प्रशिक्षण के लिए गया है, इसके बाद यह दल बिहार चुनाव में मोर्चा संभालेंगे। यहां के नेताओं को वहां की विधानसभाओं की जिम्मेदारी भी मिलेगी। प्रदेश के नेताओं को बिहार चुनाव में जाने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से निर्देश का इंतजार है। वहां से निर्देश आने के बाद तय होगा कि यहां से कितने नेता जाएंगे।





प्रदेश के कई बड़े नेता वहां पर प्रचार भी करने जाएंगे। चुनाव का ऐलान होने से पहले प्रदेश का महिला और एसटी मोर्चा वहां का दौरा कर चुका है। संभावना यही है कि ज्यादातर नेता दीपावली के बाद ही जाएंगे। बिहार के विधानसभा चुनावओं का ऐलान हो चुका है, वहां पर दो चरणों में चुनाव होगा। पहले चरण के लिए नामांकन भरे जा रहे हैं। नामांकन के लिए भी अलग-अलग राज्यों के नेताओं को बिहार भेजा जा रहा है। प्रदेश के भाजपा के भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी सीएम भी नामांकन में जाएंगे और नामांकन रैली में शामिल होंगे।

### दीपावली के बाद जाने की संभावना

*इस चुनाव में भी हमेशा की तरह भाजपा कई राज्यों के नेताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी देगी। प्रदेश के भाजपा नेताओं को भी वहां जाने का मौका मिलेगा, लेकिन अभी तय नहीं है कि बिहार चुनाव में किन-किन नेताओं को जाना है। भाजपा नेताओं का कहना है कि दिल्ली से प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के पास निर्देश आएंगे, इसके बाद यहां पर टीमें बनेंगी और तय होगा कि कौन-कौन कब जाएगा। दोनों चरणों के चुनाव के लिए अलग-अलग टीमें वहां जाएंगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रदेश की भाजपा सरकार के कुछ मंत्रियों को भी वहां पर प्रचार का जिम्मा मिल सकता है। चुनाव का ऐलान होने से पहले प्रदेश की महिला मोर्चा की टीम जहां बिहार में दस दिनों का दौरा करके आई है, वहीं एसटी मोर्चा का भी एक दल दस दिनों तक वहां पर विधानसभा में जाकर आया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि एक सप्ताह बाद तो दीपावली है, ऐसे में संभावना यही है कि ज्यादातर नेता दीपावली के बाद ही अपनी जिम्मेदारी वाली विधानसभाओं में जाकर मोर्चा संभालेंगे।*

केंद्रीय पर्यवेक्षक ने की वन-टू-वन मुलाकात

संगठन की मजबूती कार्यकर्ता के एकजुट प्रयास से ही संभव

# विधानसभावार ब्लॉक पदाधिकारियों से चर्चा, समर्थकों के साथ पहुंचे दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संगठन सृजन अभियान के तहत शनिवार को विधानसभा वार ब्लॉक पदाधिकारियों के साथ मंथन कार्यक्रम आयोजित किए गए। रायपुर पश्चिम विधानसभा के भीमसेन भवन में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक और रायपुर उत्तर विधानसभा के दया भवन में दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक बैठक हुई। दोनों ही स्थानों पर कार्यकर्ताओं और दावेदारों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

रायपुर पश्चिम एवं उत्तर विधानसभा क्षेत्रों से आए ब्लॉक पदाधिकारी और दावेदार अपने-अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे और संगठन के प्रति अपनी निष्ठा व सक्रियता का प्रदर्शन किया।



हर बैठक में कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। दावेदारों ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ संगठन सृजन अभियान के प्रति समर्थन व्यक्त किया और संगठन को मजबूत करने के संकल्प दोहराए। इस दौरान प्रतिमा चंद्राकर, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### केंद्रीय पर्यवेक्षक ने की वन टू वन चर्चा, हर राय को दिया महत्व

कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुढाडे ने दिनभर सभी पदाधिकारियों, दावेदारों और कार्यकर्ताओं से एक-एक कर मुलाकात की। उन्होंने सभी की राय, सुझाव और अनुभवों को सुना तथा कहा, हम केवल माध्यम हैं, संगठन की दिशा और निर्णय कार्यकर्ता तय करेगा। कांग्रेस की आत्मा उसका कार्यकर्ता है। उन्होंने आगे कहा, संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य लोकतांत्रिक भागीदारी के माध्यम से एक सशक्त, पारदर्शी और सक्रिय संगठन का निर्माण करना है।

### कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल

संगठन सृजन के छत्तीसगढ़ की ओर से सह प्रभारी पूर्व विधायक शैलेश पांडे पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने जानकारी दी।

# फसल के सर्वे में मकान की भी गिरदावरी संभागायुक्त को मिलीं निरीक्षण में गलतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में फसलों की गिरदावरी सत्यापन का कार्य जारी है। कलेक्टर से लेकर अन्य अधिकारी भी लगातार इसका निरीक्षण कर रहे हैं। रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे शनिवार को धमतरी जिले की कुरुद तहसील अंतर्गत ग्राम चर्रा में जाकर कई किसानों के खेतों में पहुंचे और गिरदावरी सत्यापन का निरीक्षण किया। इस दौरान एक किसान के फसल लगे खेत के एक हिस्से में मकान निर्मित पाया, जिसे पटवारी ने गिरदावरी में शामिल कर दिया था। संभाग आयुक्त ने संबंधित पटवारी को तत्काल त्रुटि सुधारने के निर्देश देते हुए मकान के हिस्से को गिरदावरी से कम करने को कहा। संभागायुक्त महादेव कावरे ग्राम चर्रा में गिरदावरी सत्यापन कार्य का निरीक्षण करने किसान मिश्रीलाल साहू के खसरा नंबर 999 रकबा 0.73 हेक्टेयर भूमि में धान फसल का अवलोकन किया। इस दौरान भूमि के एक हिस्से में मकान निर्मित पाया। इस पर संभागायुक्त ने पटवारी बिशनलाल ध्रुव को निर्देशित किया कि मकान निर्मित क्षेत्र को गिरदावरी से कम किया जाए। किसान मिश्रीलाल साहू ने बताया कि उन्होंने एग्रिस्टेक पोर्टल में अपना पंजीयन कराया है तथा वे इस वर्ष भी बीज निगम को धान विक्रय करेंगे। पिछले वर्ष उन्होंने बीज निगम को 3600 प्रति क्विंटल की दर से धान बेचा था।



### 30 अक्टूबर तक सत्यापन कार्य पूर्ण करने के निर्देश

संभागायुक्त ने बताया कि फसल गिरदावरी सत्यापन कार्य 30 अक्टूबर तक पूर्ण किया जाना है। उन्होंने संभाग के सभी कलेक्टरों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर इंदिरा देवहारी सहित अन्य राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



दीपावली का काउंटडाउन शुरू हो चुका है, ऐसे में फेस्टिव शॉपिंग जोरों पर है। इस बार फैशन-लविंग गर्ल्स, लेडिज के बीच आर्टिफिशियल ज्वेलरी और कस्टमाइज एसेसरीज का ट्रेंड देखने को मिल रहा है। ट्रेडिशनल गोल्ड-सिल्वर ज्वेलरी के बदले, लोग अब आउटफिट्स से मैचिंग या कॉन्ट्रास्ट कलर में ज्वेलरी चुन रहे हैं, जिससे उनका फेस्टिव लुक और भी खास नजर आए। फेस्टिव सीजन में ऑक्सीडाइज, पोल्की, कुंदन, स्टोन और जड़ाऊ ज्वेलरी लोगों की पहली पसंद है।

# फेस्टिव सीजन में ऑक्सीडाइज और पोल्की कुंदन के साथ स्टोन, जड़ाऊ ज्वेलरी कर रही आकर्षित

## दीपावली फैशन में आर्टिफिशियल ज्वेलरी का ट्रेंड, ट्रेडिशनल लुक में भी फ्यूजन टच

**रायपुर।** इस फेस्टिव सीजन आर्टिफिशियल ज्वेलरी का क्रेज बढ़ा है। महिलाएं खासतौर पर डिफरेंट स्टाइल में ईयरिंग्स, नेकलेस और बैंगल्स को अपने एथनिक वियर के साथ शामिल कर रहीं। इन दिनों डिजाइनर कुर्तियों और साड़ियों के साथ ज्वेलरी भी कस्टमाइज की जा रही है। शहर के दुकान संचालकों ने बताया कि सोशल मीडिया पर ट्रेंडी और फिल्मी सितारों के आउटफिट के साथ ज्वेलरी भी खास तरह से तैयार की जा रही है। लोग डिजाइन के साथ दुकान में पहुंच रहे हैं और हूबहू डिजाइन तथा मटेरियल्स की ज्वेलरी खरीद रहे। ऐसे में वे ट्रेडिशनल लुक में भी फ्यूजन टच लाने की कोशिश कर रहे।





### कुर्ता-शेरवानी में रॉयल टच के लिए स्टोन बीड्स ज्वेलरी

*दुकान संचालक सुनील सोनी ने बताया कि दीपावली सीजन में इस बार फैशन सिर्फ महिलाओं तक सीमित नहीं है। पुरुषों में भी पारंपरिक परिधानों के साथ आर्टिफिशियल ज्वेलरी पहनने का चलन तेजी से बढ़ रहा। इस बार सोशल मीडिया प्लेटफॉम पर वायरल हो रहे इंडो-फ्यूजन लुक्स बाजार में देखने को मिल रहा है। सिंपल कुर्ता या शेरवानी को रिच लुक और रॉयल टच के लिए स्टोन तथा मोतियों से सजी लंबी ज्वेलरी लोगों की पहली पसंद है। इसमें मल्हार हार, स्टोन बीड्स नेकलेस और लेयर्ड चेन ज्वेलरी की डिमांड बढ़ी है।*

### ट्रेडिशनल लुक में कुंदन ज्वेलरी

दुकान संचालक श्वेता अग्रवाल ने बताया कि फेस्टिव सीजन में कुंदन, स्टोन और जड़ाऊ ज्वेलरी लोगों की पहली पसंद है, इन दिनों 300 से 2 हजार रुपए तक की ज्वेलरी की खरीदी हो रही है। इसमें कुंदन ज्वेलरी स्टोन वर्क के साथ तैयार किया गया है, जिसे साड़ी, लहंगा और डिजाइन कुर्तियों की पहली पसंद है। वहीं जड़ाऊ ज्वेलरी साइड इंडियन आउटफिट्स में ट्रेडिशनल लुक के साथ कैरी की जा रही।



### ऑक्सीडाइज और पोलकी ज्वेलरी की मांग

दुकान संचालक रेशमा जैन ने बताया कि इस दीपावली कस्टमाइज ऑक्सीडाइज और पोलकी ज्वेलरी ट्रेंड में है, जहां लोग आउटफिट्स की डिजाइन के अनुसार ज्वेलरी तैयार करा रहे हैं। ऐसे में पोलकी ज्वेलरी को डिफरेंट स्टाइल के लिए पसंद किया जा रहा है। एमराल्ड ग्रीन, रूबी रेड, रॉयल ब्लू, पर्ल व्हाइट, ऑफ-व्हाइट और पेस्टल शेड्स पोलकी ज्वेलरी में यह क्लासिक और ट्रेंडिंग कलर डिमांड में है।

# नेचुरल ब्यूटी सिर्फ चेहरे की नहीं सोच और दिल से जुड़ी होती है : भाग्यश्री

**रायपुर।** 'मेरी खूबसूरती का राज फेस योगा है।' ये कहना है बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री दासानी का, जो शनिवार को रायपुर में एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचीं थीं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में अपने ब्यूटी सीक्रेट्स साझा किए। वे अब भी नानी-दादी के घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल करती हैं, जो स्किन को नैचुरल ग्लो देने के साथ-साथ चेहरे पर निखार भी लाते हैं। इसलिए वे अपने डेली रूटीन में फेस योगा और फेशियल एक्सरसाइज को शामिल करती हैं।

### कॅरियर से पहले परिवार को चुना

बातचीत में भाग्यश्री ने छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के प्रति अपना खास लगाव जाहिर करते हुए कहा, मुझे छत्तीसगढ़ी चीला बहुत पसंद है, पिछली बार भी मैंने इसका स्वाद लिया था और इस बार भी जरूर खाना चाहूंगी। उन्होंने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर भी खुलकर बात की। कहा कि मैंने प्यार किया' फिल्म के बाद मैंने अपने परिवार और बच्चों को समय दिया है, लेकिन अब कुछ ही दिनों में मेरी एक नई फिल्म रिलीज होने जा रही है।





### खूबसूरती के लिए पॉजिटिव रहें

शनिवार को आईओएसआईएस सेलून के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री भाग्यश्री दासानी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। समारोह की शुरुआत सेलून संचालक किरण बावा और भाग्यश्री द्वारा केक कटिंग के साथ की गई। लॉन्च इवेंट के दौरान भाग्यश्री मीडिया से बातचीत करते हुए अपने ब्यूटी और लाइफस्टाइल टिप्स साझा करती दिखीं। उन्होंने कहा कि नैचुरल ब्यूटी सिर्फ चेहरे की नहीं, बल्कि सोच और दिल से जुड़ी होती है। 'खूबसूरत दिखने के लिए सबसे जरूरी है कि आप अंदर से खुश रहें। दिल और दिमाग से पॉजिटिव रहने की कोशिश करें, दूसरों से ईर्ष्या न करें और माफ करना सीखें। इससे न सिर्फ आपका चेहरा, बल्कि आपकी एनर्जी भी ग्लो करेगी', यह कहना मशहूर एक्ट्रेस भाग्यश्री का है।

# मंत्रोच्चार के साथ मां सरस्वती और वाल्मीकि पूजा से सजाया उत्सव

**रायपुर।** संस्कृत भारती रायपुर महानगर इकाई द्वारा सरस्वती ज्ञान मंदिर कृष्णा नगर में वाल्मीकि सप्ताह की श्रृंखला में वाल्मीकि जयंती का आयोजन किया। डॉ. लूनेश कुमार वर्मा की अगवाई में शनिवार को अपरान्ह 3 बजे मंत्रोच्चार के साथ मां सरस्वती और महर्षि वाल्मीकि का पूजन किया गया। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा वाल्मीकि और रामायण से संबंधित चित्र, रंगोली, गीत व भाषण प्रस्तुत किया। संस्कृत भारती महानगर अध्यक्ष डॉ. वर्मा ने डाकू रत्नाकर के महर्षि वाल्मीकि द्वारा रामायण की रचना करने के वृत्तांत को रोचक ढंग से बताया। शरद पूर्णिमा के दिन वाल्मीकि जयंती मनाने की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि क्वांर महीने की पूर्णिमा तिथि को शरद पूर्णिमा होती है और इसी दिन महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष महानगर में महर्षि वाल्मीकि जयंती केवल जयंती के रूप में एक दिन न मनाते हुए सप्ताह को वाल्मीकि सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है।



### आदर्श चरित्र को अपने जीवन में उतारें

आयोजन में डॉ. व्यास नारायण आर्य ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों के आधार पर रामायण के नायक श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम बताया। संगठन मंत्री हेमंत साहू ने रामायण में विभिन्न आदर्श चरित्रों को अपने जीवन में उतारने से ही वाल्मीकि जयंती मनाने और जीवन सफल होने की बात कही। राजेश राजपूत ने भगवान राम की तरह उच्च विचार व सरल आचरण रखते हुए संस्कार से युक्त मर्यादित जीवन जीने पर बल दिया। संस्कृत भाषा के प्रचारक पं. चंद्रभूषण शुक्ला ने बताया कि संस्कृत भारती के विद्वान वक्ताओं ने संस्कृत मे मूल रामायण एवं वाल्मीकि के जीवन परिचय पर अपने व्यक्तव्य दिए, विविध मंत्रों का उच्चारण भी कराया गया।

## टाउनहॉल में लौह शिल्प विकास बोर्ड ने दिया कारीगरों को बाजार, पांच दिन रही पूछपरख

# फ्लॉवर पॉट और फल की टोकरी संग लौह शिल्पियों की कृतियों को मिला रिस्पांस, बस्तर आर्ट पहली पसंद

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शहर के टाउनहॉल में लौह शिल्प विकास बोर्ड की ओर से तीन दिनों की प्रदर्शनी सजाने का अवसर कलाकारों को दिया गया। इस श्रृंखला में अंतिम पड़ाव पर भी कला प्रेमियों की चहल-पहल रही। पारंपरिक लौह शिल्प और इससे जुड़े शिल्पकारों को बढ़ावा देने के लिए की गई पहल को त्योहारी सीजन में अच्छा रिस्पांस मिला। स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहन देते हुए लोगों ने बस्तर, कोंडागांव और जगदलपुर के कुशल लौह शिल्पियों द्वारा निर्मित पारंपरिक कलाकृतियों को घर और आफिस में सजाने के लिए लेने में रुचि दिखाई। इस बार भी बस्तर की पारंपरिक कला की पूछ-परख रही, लोगों ने इसे राज्य की पहचान के रुप में सहेजा। है इसे देश और विदेश में भी सराहना मिल रही है। इससे कारीगरों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा, साथ ही लोगों को स्थानीय कला से जुड़ने का मौका भी मिला। कुछ इसी तरह की यादें हरिभूमि से चर्चा के दौरान कारीगारों ने साझा करते हुए बोले, अब लोग पूछपरख करते हैं।



### समय के साथ आर्ट में बदलाव, ट्रेंड को कर रहे फॉलो

कलाकार राजेश कुमार सोढ़ी ने बताया कि प्रदर्शनी के अंतिम दिन में लोग देखने और खरीदारी करने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लौह-शिल्प पहले आदिवासी अपने रोजमर्रा में इस्तेमाल किया करते, लेकिन अब इसे आर्ट के रूप में देश के साथ विश्व में नई पहचान मिल रही है। 2017 में इस आर्ट को जीआई टैग मिला, जिससे इस कला का महत्व बढ़ गया। लौह-शिल्प का उपयोग रोजमर्रा के बाद होम-डेकोर, गिफ्ट, मोमेंटो के लिए इस्तेमाल किया जा रहा हैं। जैसे-जैसे ट्रेंड बदल रहा हैं, वैसे ही इस आर्ट में कारीगार बदलाव कर रहे हैं। प्रदर्शनी में लगभग 50 से ज्यादा डिजाइन देखने को मिला। राजेश बताते हैं कि डिजाइन के अनुसार दिन डिसाइड होता हैं। सिंपल आर्ट वाले एक दिन में वहीं वार्क वाले में दस से महीने लग जाते हैं। भारत के साथ जापान, यूएसए जैसे कई देशों में इनकी मांग है।

### गौर मारिया नृत्य आकर्षण का केंद्र

कलाकार ने बताया कि पहले ये आर्ट ब्लैक रंग में ही बनते थे, लेकिन अब रंगीन और अलग-अलग डिजाइन में इसकी मांग है। प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र गौर मारिया नृत्य से बना आर्ट रहा, जिसको 5000 तक बेचा गया। इसमें दो आदिवासी पांरपारिक वेशभूषा में मारिया नृत्य करते नजर आएं। यह वेशभूषा पूजा, कार्यक्रम, मेला व शादी में ज्यादा देखने को मिलती है। आर्ट में रंगों का इस्तेमाल खूबसूरती से किया गया, हाथों में बांसुरी, पुष्प, बर्तन को दर्शाया गया है।



### नृत्य को आर्ट के रूप में दर्शाया

बस्तर की संस्कृति और खेती को दर्शाते हुए बैलगाड़ी में महिला और पुरुष को धान की बोरी को ले जाते हुए दिखाया गया है। लौह से बना यह आर्ट अपने रंगों से और भी आकर्षक व सुंदर दिखाई देता है। इसे भी 5000 रुपए तक में बेचा गया है। उन्होंने बताया कि गांव में लोग अपना जीवनयापन कैसे करते हैं। साथ ही तीन आदिवासी महिलाएं एक साथ नृत्य करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुआ नाच, राउत नाचा, छेरछेरा जैसे नृत्य को आर्ट के रूप में बनाकर लोगों तक पहुंचाने का काम कर रही हैं।

### घर सजाने फ्लॉवर पॉट की खरीदारी

प्रदर्शनी में ब्लैक रंग में कई तरह के आर्ट शामिल रहे, जिसमें कैंडल के रूप में, गांधीजी के तीन बंदर, की-चेन, फ्लॉवर पॉट, फल की टोकरी लोगों का खूब पसंद आई। इनकी कीमत 100 से 1000 रूपए तक रही और लोगों ने इसकी खरीदारी की अपने घरों को सजाने के लिए। सोड़ी ने बताया कि तीन के प्रदर्शनी में लगभग 400 आर्ट की बिक्री हुई। इस प्रदर्शनी के लिए बस्तर से सात कलाकार विनोद विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, इंद्र विश्वकर्मा, भुनेश विश्वकर्मा, लक्ष्मीनाथ विश्वकर्मा और राजेश कुमार सोढ़ी शामिल हुए।

**सिटी लाइव**

# ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्लेसमेंट असिस्टेंस पर नेशनल वर्कशॉप का समापन



**रायपुर।** दिशा कॉलेज एवं सेंट विंसेंट पलोटी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय "ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्लेसमेंट असिस्टेंस" विषय पर नेशनल वर्कशॉप का समापन शुक्रवार को हुआ। वर्कशॉप में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एसोसिएट प्रोफेसर, एसओएस इकोनॉमिक्स के डॉ. सुनील कुमैति और मेंबर अकादमिक सीजीपीयूआरसी के डॉ. व्यास दुबे उपस्थित रहे। मुख्य वक्ताओं में मैनेजिंग डायरेक्टर, अमोघ फाइनेंशियल सर्विस के पीके निमोणकर, आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. इमरान नदीम सिद्दीकी शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कॅरियर विकास, उद्यमिता, संचार कौशल, इंटरव्यू स्किल और समूह चर्चा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. एके तिवारी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि इस तरह की वर्कशॉप विद्यार्थियों के लिए भविष्य निर्माण की दिशा में अत्यंत उपयोगी साबित होती है।

### दी विस्तृत जानकारी

मुख्य वक्ता पीके निमोणकर ने उद्यमिता के चरणों और प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी दी, जबकि डॉ. इमरान सिद्दीकी ने इंटरव्यू में सफलता के लिए प्रभावी संचार कौशल पर जोर दिया। डॉ. जयकुमार देवांगन ने समूह चर्चा में सफल होने के व्यावहारिक सुझाव साझा किए। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर सीजी प्राइवेट यूनिवर्सिटी रेगुलेटरी कमीशन की पूर्व चेयरमैन डॉ. अंजनी कुमार शुक्ला ने विद्यार्थियों को अपने अनुभव साझा कर दिशा-निर्देश दिए। वर्कशॉप में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ए. पूजा नारायण ने किया।

**इवेंट लाइव**

# गुरु तेगबहादुर साहिब की शहीदी यात्रा का आज संगत करेगी स्वागत



**रायपुर।** सिख समाज छत्तीसगढ़ द्वारा गुरु तेगबहादुर साहिब के 350वें शहादत दिवस को याद किया जाएगा। शताब्दी यात्रा 3 अक्टूबर को रायपुर से शुरू हुई थी, जो अब 12 अक्टूबर को 10 दिनों मे 2100 किलोमीटर की यात्रा करते हुए छत्तीसगढ़ के प्रमुख 75 गुरुद्वारों में संगत को दर्शन देने के बाद रविवार को रायपुर में स्टेशन रोड गुरुद्वारा में संपन्न होगी। यह यात्रा पंज प्यारों की अगवाई और श्री गुरुग्रंथ साहिब की सरपरस्ती में भ्रमण करते हुए वापस रायपुर प्रवेश करेगी। हर जगह पंज प्यारे और गुरुग्रंथ साहिब के साथ गुरुओं की निशानियों का फूलमाला एवं जयकारों से स्वागत करने की तैयारी है। संगत अपने शहर में नगर कीर्तन करते हुए गुरुवाणी गायन करेगी। इस यात्रा का हर समाज और हर वर्ग के लोगों समेत राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारी-जनप्रतिनिधियों भी अपनी हाजिरी लगाते हुए दर्शन लाभ ले सकते हैं। यात्रा में गुरु महराज की निशानियां भी साथ चल रही हैं, इनका दर्शन संगत को मिलने वाला है।

### तैयारी को दिया अंतिम रूप

तेजिंदर सिंह होरा ने बताया कि तिल्दा, भाटापारा, सिमगा, रावांभाटा होते हुए रविवार को सभी गुरुद्वारों में दर्शन के लिए यात्रा पहुंचेगी। सबसे पहले बाला प्रीतम गुरुद्वारा मोवा, बाबा बुड्ढा सिंह साहेब गुरुद्वारा मरीन ड्राइव, गुरु तेगबहादुर गुरुद्वारा महावीर नगर से गुरुद्वारा श्याम नगर, गुरुद्वारा पंडरी, गुरुद्वारा अर्जुन देवजी, गुरुद्वारा देवेंद्र नगर पहुंचेगी। संगत को दर्शन देने के बाद गुरु गोबिंद सिंह चौक फाफाडीह से नगर कीर्तन के रूप में गुरुद्वारा स्देशन रोड में इस यात्रा का समापन किया जाएगा। साथ ही गुरु का लंगर भी होगा। इस यात्रा का संचालन सिख समाज के अध्यक्ष महेंद्र सिंह छाबड़ा कर रहे हैं।

**सिटी इवेंट**

# वैल्यूअर्स डे सेलिब्रेशन में आर्थिक विकास पर मंथन




रायपुर। इंस्टीट्यूशन ऑफ वैल्यूअर्स रायपुर शाखा द्वारा वैल्यूअर्स डे सेलिब्रेशन किया गया। एनआईटी के एलुमनी हॉल में किए गए इस आयोजन में आर्थिक विकास में किस तरह की भूमिका निभा सकते हैं, इसको लेकर मंथन किया गया। इसका उद्देश्य विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप देश की आर्थिक प्रगति में वैल्यूअर्स की भूमिका किस तरह की हो सकती है, इस पर विचार भी किया गया। इसका शुभारंभ राजीव जी ने किया। इस अवसर पर प्रदेशभर से आए वैल्यूअर्स, इंजीनियर्स, आर्किटेक्ट्स, बैंकर्स, तकनीकी विशेषज्ञों ने उत्साह से भाग लिया। एसके अग्रवाल, संरक्षक, आईओवी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में वैल्यूअर्स की भूमिका महत्वपूर्ण है। पेशेवर ईमानदारी, सटीकता एवं पारदर्शिता ही काम की नींव होनी चाहिए। विकसित भारत @ आर्थिक समृद्धि में वैल्यूअर्स की भूमिका पर साकेत श्रीवास्तव ने बताया कि वैल्यूअर्स देश की संपत्ति पारदर्शिता, हाउसिंग फाइनेंस तथा अवसंरचना विकास में अहम योगदान दे रहे हैं, जो विकसित भारत की दिशा में एक सशक्त कदम है।

### ब्राउन फील्ड परियोजनाओं का एक्सपर्ट ने किया मूल्यांकन

ग्रीन फील्ड एवं ब्राउन फील्ड परियोजनाओं का मूल्यांकन करते हुए वक्ता के रूप में तविंदरपाल सिंह अरोड़ा ने नए-पुराने औद्योगिक परियोजनाओं के मूल्यांकन में अपनाई जाने वाली विधियों एवं स्थिरता के पहलुओं पर प्रकाश डाला। भूमि डायवर्जन का मूल्यांकन पर प्रभाव इस विषय पर संयुक्त प्रस्तुति दी गई। इनमें राकेश गुप्ता एवं हेमकुमार जैन ने वैल्यूअर्स के भूमि उपयोग परिवर्तन एवं डायवर्जन के कारण संपत्ति मूल्यांकन पर पड़ने वाले आर्थिक, नियामक एवं विकासात्मक प्रभावों का विश्लेषण प्रस्तुत किया।

**खबर संक्षेप**

### संयंत्रों में श्रमिकों का रहा है शोषण

**कूंरा।** पीसीसी ओबीसी के कार्यवाहक अध्यक्ष भावेश बघेल ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों में खून पसीना बहाने वाले गरीब छत्तीसगढ़िया श्रमिकों के शोषण पर सरकार लगाम लगाए ओर श्रम विभाग ऐसे ठेकेदार पर प्रभावी कार्यवाही करे जो गरीबों के हक पर डाका डालकर प्रतिमाह लाखों रुपए कमा रहे हैं। राजधानी रायपुर से लगे उरला बोरझरा सिलतरा तिल्दा नेवरा आदि में अधिकांश छोटे बड़े उद्योगों में लेबर ठेकेदार लेबर सप्लाई का काम करते हैं और आठ घंटे की जगह बारह बारह घंटे काम कराते हैं नियमानुसार आठ घंटे का 430 ओर चार घंटे ओवर टाइम का 430 मिलाकर श्रमिकों को 860 रुपए बारह घंटे की मजदूरी मिलनी चाहिए जिसकी लगातार उपेक्षा हो रही है।

### भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो का हुआ परिचय सम्मेलन

**तिल्दा नेवरा।** आज मुस्कान हाटल तिल्दा में राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध एवम भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो का परिचय सम्मेलन अध्यक्ष भारद्वाज के मुख्य आतिथ्य में विशेष अतिथि महेश अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका, मैडम एस डी वैष्णव (रिटायर्ड डी एस पी)और पार्षद रानी सौरभ जैन, के आतिथ्य में गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संभाग के सभी पदाधिकारी पीआरओ छग सुरेन्द्र यादव, जिला-बलोदाबाजार महासचिव अजय, जिला समन्वयक सुभाष, जिला सदस्य विनय गुप्ता , जिनेंद्र ,सुभाष मिश्रा , संजय काले, श्रीमति सपना व श्रीमति राजेश्वरी शिवारे सहित लगभग 50 सदस्य उपस्थित थे।

### 9 साल से टैक्स बकाया 5 दुकानें सील

**रायपुर।** वामनराव लाखे वार्ड के 2 बकायादारों की 5 दुकानों को नगर निगम के राजस्व अमले ने सील कर दिया। 9 साल का लगातार डिमांड बिल और अंतिम नोटिस के बाद भी बकाया कर का भुगतान नहीं करने पर जोन 5 अमले ने 5 दुकानों को सील कर दिया।

# गौठान में चारा-पानी की कमी से दस गौवंशों की मौत की चर्चा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर**

अभनपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत संकरी से एक संवेदनशील मामला सामने आया है। यहाँ 10 से अधिक गौवंशों के शव खुले मैदान, मुक्तिधाम के समीप में पड़े मिले, इन मृत गायों के शवों को खुले में फेंक दिया गया था, जहाँ आवारा कुत्ते उन्हें नोचते हुए देखे गए। घटना की सूचना फैलते ही अज्ञात लोगो द्वारा स्पॉट जगह से शवों एवं हड्डियों को हटा दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह सभी मृत गाय गांव के ही गौठान का ही है जहां पर्याप्त व्यवस्था का अभाव इस मौतों का मुख्य कारण माना जा रहा है। गौवंशों के लिए चारा और पानी की व्यवस्था सही नहीं थी। मिली जानकारी अनुसार कई गौवंशों को एक हफ्ते से अधिक दिन से चारा नहीं मिला था, और हाल ही में हुई लगातार बारिश के दौरान गायें खुले में रहीं बरसात में ठंड एवं कही न कही चारा नही मिल पाने के कारण भूख से गौवंशों की मौत का कारण हो सकता है। मीडिया टीम जब मौके पर पहुँची, तो पाया गया कि गौठान में पानी की कमी और बारिश से बचाव के लिए कोई शेड या छाया की उचित व्यवस्था नहीं थी। इस घटना पर जब ग्राम पंचायत संकरी की सरपंच शुभम साहू से बात की गई उन्होंने कहा ये जितने भी गौवंश मरे हैं, ये सब घुमंतू गौवंश थे। हमने उन्हें गौठान में रखने की व्यवस्था की थी। हमारे तरफ से चारा-पानी देने की पूरी कोशिश की गई, लेकिन अगर उनकी मृत्यु हो गई है तो हम कर भी क्या सकते हैं।



#### लापरवाही का अंदेशा

गौठान संचालन के लिए न कोई सरकारी फंड है और न ही कोई राशि। लगातार हुये गौवंशो की मृत्यु पर जिम्मेदारो द्वारा समय रहते शासन प्रशासन स्तर पर किसी को अवगत नही कराया गया जिससे लापरवाही का अंदेशा लगाया जा रहा है। फिरहाल खुले पड़े गौवंशो के अवशेष को हटा दिया गया है।

**आयोजन : युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का होगा विकास**

# विकसित भारत के संकल्प को मिलेगा संबल सांसद खेल महोत्सव कल से

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ धरसींवा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'फिट इंडिया' आंदोलन को जन-जन तक पहुँचाने और देश को 'विकसित भारत' बनाने के संकल्प को जमीनी स्तर पर साकार करने के लिए रायपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत जनपद पंचायत धरसींवा में 13 अक्टूबर से धरसींवा ,कुरूद सिलयारी, मांढर,माना बस्ती में 'सांसद खेल महोत्सव' का भव्य आगाज़ होने जा रहा है। यह आयोजन मात्र एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि उस राष्ट्रीय भावना का प्रतिबिंब है जो खेलों को सामाजिक उत्थान और नेतृत्व क्षमता के विकास का आधार मानती है। खेल महोत्सव की पूरी जानकारी जनपद पंचायत धरसींवा के मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्री आशीष केसरवानी ने दी है। बता दे कि खेलों में छिपी नई प्रतिभाओं को खोजना ही मुख्य लक्ष्य है, केंद्र सरकार की खेल नीतियों की प्रशंसा करते हुए कहा जा सकता है कि इस तरह के क्षेत्रीय महोत्सव देश के सुदूर ग्रामीण अंचलों में छिपी हुई प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पटल पर लाने का सबसे बड़ा माध्यम हैं जो सांसद खेल महोत्सव इसी भावना को पोषित करता है—यह युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास जैसे आवश्यक जीवन मूल्यों से ओत-प्रोत करता है।

- खो-खो, कुश्ती, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, भारोत्तोलन, तैराकी, शरीर सौष्ठव, शतरंज, फुगड़ी, कबड्डी, गेड़ी दौड़, रस्सा-कस्सी और रस्सी कूद स्पर्धाएं होंगी




#### पुरस्कार और सम्मान

महोत्सव के अंत में, सभी विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को उनकी खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आकर्षक पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे, जो न केवल उनका हौसला बढ़ाएंगे बल्कि भविष्य में बड़े मंचों पर खेलने के लिए प्रेरित भी करेंगे। यह महोत्सव धरसींवा को एक स्वस्थ और ऊर्जावान जनपद बनाने की दिशा में एक बड़ा और प्रेरक कदम है।

#### खिलाड़ियों को बड़ा मंच मिलेगा

पूरे रायपुर लोकसभा क्षेत्र में 25 दिसंबर तक चलने वाले इस महोत्सव के तहत जनपद पंचायत धरसींवा में भी खेल की लहर दौड़ उठेगी। स्थानीय स्तर पर इन प्रतियोगिताओं के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच मिलेगा। इस महोत्सव में जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर हर नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। माताओं और बहनों के उत्साह को बढ़ावा देने के लिए फुगड़ी जैसे पारंपरिक खेल भी शामिल किए गए हैं। इस महोत्सव में हर वर्ग की भागीदारी अपेक्षित है, जिसके लिए व्यापक खेल सूची तैयार की गई है: आयु समूह: 9 से 19 वर्ष (जन्म 29/08/2006 के बाद) और 19 वर्ष से अधिक (जन्म 29/08/2006 के पहले) खेल: खो-खो, कुश्ती, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, भारोत्तोलन, तैराकी, शरीर सौष्ठव, शतरंज, फुगड़ी, कबड्डी, गेड़ी दौड़, रस्सा-कस्सी और रस्सी कूद रखा गया है।

# खपरीकला अंडर पासिंग से प्लेटों की चोरी, दो गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा**

प्रार्थी रामेश्वर आडिल निवासी हाऊसिंग बोर्ड कालोनी कोहका नेवरा ने थाना तिल्दा नेवरा में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह स्वास्तिपक ग्रुप रायपुर में साईड इंजीनियर का कार्य करता है, स्वास्तिक ग्रुप द्वारा ग्राम खपरीकला में रेल्वे अंडर पासिंग का निर्माण कार्य उसकी निगरानी में किया जा रहा है। 08.10.2025 के प्रातः करीब 04.00 बजे चौकीदार गोविंद निषाद ने प्रार्थी को फोन कर बताया कि कुछ व्यक्ति आकर निर्माणाधीन रेल्वे अंडर पासिंग स्थल खपरीकला में रखें एम.एस. प्लेट 8 एम.एम. को गैस कटर से काट कर चारपहिया वाहन में लोड कर चोरी कर ले गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में धारा 303(2), 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी में लगी टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त अज्ञात आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई तथा आरोपियों की पहचान तिल्दा नेवरा निवासी रामचंद देवांगन उर्फ रामचंद वस्त्रकार एवं दीप साहू के रूप में किया गया। दोनों की पतासाजी करते हुये दोनों को पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों द्वारा चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया।

आरोपी रामचंद देवांगन उर्फ रामचंद वस्त्रकार 35 वर्ष नेवरा निवासी, एवं दीप साहू उम्र 38 वर्ष नेवरा निवासी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 08 एम.एम. का 03 एम.एस. प्लेट तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त चापहिया वाहन क्रमांक सी जी 04 एन के 3677 को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

उक्त कार्रवाई में निरीक्षक रमाकांत तिवारी थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा, सउनि. बी.एल.देवांगन, आर. संदीप सिंह, दीपक सेन एवं किशोर शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगलहर का लिया आनंद



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सड्डू महामाया पारा में शरद पूर्णिमा के अवसर पर नवीन मित्र मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग लहर खल्लारी (बालोद) का आयोजन रखा गया था।

देर रात तक चली इस कार्यक्रम को दर्शकों ने जमकर आनंद लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी थे। अध्यक्षता सरपंच नंद कुमार साहू व उप सरपंच टाकेश्वर निर्मलकर ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री धर्मेंद्र वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू, महिला जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सोनम साहू, पूर्व सरपंच संतोष साहू, भुवन लाल साहू, गौकरण साहू, कृपाल साहू, राजेंद्र साहू, लालजी निर्मलकर, आनंद राम साहू, राजू साहू, राकेश सारथी, ईश्वर साहू, पूरण साहू, पुष्कर निषाद, आशुतोष साहू, राहुल साहू, युवराज साहू, देवेंद्र देवांगन, चंपा निर्मलकर, लक्ष्मी निर्मलकर, नेम कुमारी निर्मलकर, उपेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में दर्शक गण उपस्थित थे।

### भाजपा जिला ग्रामीण की नई कार्यकारिणी घोषित

**अभनपुर।** भारतीय जनता पार्टी रायपुर ग्रामीण ने संगठन विस्तार करते हुए नई टीम की घोषणा की है। यह नियुक्तियाँ प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष श्याम कुमार नारंग के निर्देशन में की गईं। नवगठित टीम में अभनपुर विधानसभा से कई पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ दी गई हैं इनमें जिला महामंत्री संतोष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष उत्पल साहू एवं श्रीमती नंदनी साहू, जिला मंत्री संचित तिवारी, प्रवक्ता आकाश बजाज, प्रभारी मन की बात राजेश साहू, तथा जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी नेहरू साहू और श्रीमती भारती शिंदे को शामिल किया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा**

ररूहा राम वर्मा शासकीय पुर्व माध्यमिक शाला नेवरा क्रमांक 1 में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि रानी सौरभ जैन पार्षद वार्ड क्रमांक 21 विकासखंड चिकित्सा अधिकारी (BMO)डॉक्टर आशिष सिन्हा सर प्रोग्रामर ममता सुनानी प्रमुख रुप से उपस्थित थी उद्बोधन के कड़ी में रानी सौरभ जैन द्वारा बालिका के शिक्षा स्वास्थ्य समानता और सुरक्षा के अवसर बढ़ाने के लिए यह दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। डां सिंहा द्वारा बालिकाओं में होने वाले स्वास्थ्यगत बीमारी के कारण वह बचाव के बारे में जानकारी दी गई इसी कड़ी में ममता सुनामी द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में तंबाकू से होने वाले आर्थिक सामाजिक धार्मिक दुष्परिणामों से अवगत कराया और साथ ही नशा से दूर रहने की बात कही इस अवसर पर BMO तिल्दा द्वारा स्कूल प्रबंधन को राष्ट्रीय तंबाकू निमंत्रण कार्यक्रम जागरूकता अभियान का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया साथ ही छात्रों से स्वास्थ्यगत प्रश्न पूछ कर उत्तर बताने वाले छात्रों को पुरस्कार दिया गया दिया गया और सभी बच्चों को चाकलेट व बिस्किट देकर उनका मुंह मीठा किया गया कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक विनोद वर्मा द्वारा एवं आभार प्रदर्शन संगीता रानी जेहोआश मैडम ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में सीमा वर्मा कामिनी देवांगन मैडम का विशेष योगदान रहा।

# बीड़ी नहीं देने पर हुए विवाद में की थी युवक की हत्या, तीन गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर**

- पुलिस 12 घंटे में मामले को सुलझाया

अभनपुर थाना क्षेत्र ग्राम गातापार के युवक सोनू पाल का बीड़ी मांगने की मामूली बात पर हुये विवाद को लेकर हत्या कर आमनेर स्थित गोड़ा नाला मे 10 अक्टूबर को फेक दिया गया था, खेत मे काम क रने गये ग्रामीणो की सूचना पर पहुंची अभनपुर पुलिस,एंटी क्राईम व साइबर यूनिट संयुक्त टीम उक्त व्यक्ति का शव तैरते हुये पानी से बाहर निकाला गया मृतक के चेहरे व सिर मे गंभीर चोट के निशान होने के साथ ही बदन मे भी चोट के निशान देखा गया प्रथम दृष्ट्या ही उक्त व्यक्ति की हत्या होना प्रतीक हो रहा था मर्ग कायम कर जांच के दौरान अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर इस अंधे कत्ल की घटना के आरोपियो को महज 12 घंटे मे ही गिरफ्तार कर लिया गया है।

**शराब का लालच देकर अपने साथ ले गए :** पूछताछ मे आरोपी सुमीत बांधे, अजय रात्रे एवं गुलशन गायकवाड़ ने बताया कि अभनपुर स्थित शराब दुकान के आहाते मे शराब पी रहे थे।

वही पर मृतक सोनू पाल उनके बगल मे बैठकर शराब पी रहा था इसी दौरान सोनू पाल ने आरोपियो से बीड़ी मांगा,बीड़ी नही है कहने पर मामूली विवाद हुआ तथा तीनो आरोपियो ने सोनू पाल को और शराब पिलाने का लालच देकर मोटरसायकल मे बैठाकर घटना स्थल आमनेर पुल के पास ले जाकर मारपीट कर हाथ मे पहने कड़ा से सिर व चेहरे पर गहरी चोट पहुंचाने के बाद पत्थर से सिर मे गंभीर चोट पहुंचा कर उसकी हत्या कर दिया तथा नहर के किनारे शव को छोटे से नाला मे फेक कर फरार हो गये। घटना के आरोपी सुमीत बांधे पिता मुरलीधर बांधे उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम आमनेर, अजय रात्रे पिता परमेश्वर रात्रे उम्र 24 वर्ष निवासी आमनेर, गुलशन गायकवाड़ पिता जग्गू गायकवाड़ उम्र 26 वर्ष निवासी हटकेश्वर जिला धमतरी हाल पता ग्राम आमनेर को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

# विश्व दृष्टि दिवस पर किया नेत्र जांच शिविर



**अभनपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर द्वारा जारी निर्देश के अनुसार नेत्र जांच शिविर एवं जनजागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोरपा मे विश्व दृष्टि दिवस पर विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उपस्थित विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों की नेत्र जांच की गई। नेत्र सहायक अधिकारी रोशन साहू ने विस्तारपूर्वक जानकारी देते कहा कि आज के युग में मोबाइल और स्क्रीन का अधिक उपयोग आंखों पर सबसे ज्यादा असर डालता है यदि हम थोड़ी सावधानी बरतें, जैसे हर 20 मिनट बाद कुछ सेकंड के लिए आंखों को आराम देना, पौष्टिक आहार लेना और नियमित नेत्र जांच कराना, तो हम अपनी दृष्टि को लंबे समय तक सुरक्षित रख सकते है।

# पोषण माह मनाया, पौष्टक आहारों की दी जानकारी



**तिल्दा नेवरा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना तिल्दा मे आठवां राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम मे नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती चंद्रकला वर्मा, जिला पंचायत सभापति श्रीमती शैल साहू ,पार्षद श्रीमती रानी सौरभ जैन, जनपद सदस्य सौरभ वर्मा द्वारा मां सरस्वती की अर्चना एवम दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। परियोजना अधिकारी श्रीमती रंजना ठाकुर द्वारा अतिथीयो का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विभाग द्वारा विभिन्न व्यंजनो,हरी भाजी,सब्जीयो का स्टाल लगाया गया जिसका अवलोकन अतिथियो द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ने अपने उद्बोधन मे महिलाओ की महत्ता पर प्रकाश डाला गया,सभापति मवावि ने विभाग के छः सेवाओ के क्रियान्वयन के विषय मे वताया गया। पार्षद रानी सौरभ जैन ने वच्चो के पोषण स्तर और उनकी देखभाल तथा खान-पान पर विशेष ध्यान देने पर जोर की बात कही कार्यक्रम मे मंच संचालन श्रीमती पर्वती वर्मा द्वारा किया गया इस अवसर मे सेक्टर पर्यवेक्षक मियंका तिवारी एवम परियोजना के समस्त पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**M.Tech Certificate Messing**

**शपथ पत्र**

मैं मनमोहन साहू उम्र 42 वर्ष पिता क्षीरोद कुमार साहू निवासी श्यामपुर धामनगर भद्रक उडिसा निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं :-

1. यह कि मैने वर्ष 2015-16 में एम.टेक की परीक्षा कालेज आफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी से उत्तीर्ण किया है जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर 1307106018 है।
2. यह कि उक्त परीक्षा की मूल अंकसूची दिनांक 5-09-2025 को महाविद्यालय के पास गुम गया है जिसकी सूचना संबंधित थाना सरस्वती, नगर रायपुर मैं सूचना दर्ज कराकर पुनः डूप्लीकेट अंकसूची प्राप्त करना चाहता हूं ।
3. यह कि यह शपथ पत्र उक्त परीक्षा की मूल अंकसूची गुम हो जाने की सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर पुनः डूप्लीकेट अंकसूची प्राप्त किये जाने के संबंध में प्रस्तुत कर रहा हूं ।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 1 से 3 में लिख बातें मेरे स्वयं के ज्ञान एवं निजी जानकारी में सत्य व सही है एवं आज दिनांक को स्थान रायपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया

**शपथकर्ता**

दिनांक 12/09/2025

**समक्ष श्रीमान नोटरी पब्लिक आंरग जिला रायपुर (छ.ग.)**

**शपथ-पत्र**

मैं शपथकर्ती श्रीमती सुनिता उर्फ भुनेश्वरी धीवर आयु लगभग 37 वर्ष पति श्री मुकेश धीवर निवासी ग्राम अकोलीकला, थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. की हूँ जो कि सत्यनिष्ठा से निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूँ -

1- यह कि श्रीमती सुनिता धीवर उर्फ भुनेश्वरी धीवर जाति ढीमर ये दोनो नाम मेरे स्वयं के है, चूंकि मेरे शैक्षणिक दस्तावेज में मेरा नाम भुनेश्वरी पिता चुल्लुराम तथा राशन कार्ड में भी श्रीमती भुनेश्वरी पति मुकेश धीवर, अंकित है तथा आधार कार्ड एवं परिचय पत्र में मेरा नाम श्रीमती सुनिता धीवर पति श्री मुकेश धीवर अंकित है इस प्रकार मुझे इन दोनो नाम से जाना, पहचाना, पुकारा एवं लिखा जाता रहा है।

2- यह कि कंडिका 01 में वर्णित दोनो नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के हैं।

3- यह कि मैं शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेज, राशन कार्ड में अंकित नाम श्रीमती भुनेश्वरी धीवर तथा परिचय पत्र, आधार कार्ड में दर्ज नाम श्रीमती सुनिता धीवर ये दोनो नाम मेरे स्वयं के होने के समर्थन में मैं स्वघोषणा का यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूँ। इस संबंध में किसी भी प्रकार से दावा या विवाद होने पर मेरी स्वयं की जवाबदारी रहेगी ।

4- यह कि यह शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी के समक्ष सादर प्रस्तुत है ।

**सत्यापन -**

मैं उपरोक्त नामधारी शपथकर्ती सत्यनिष्ठा पूर्वक सत्यापित करती हूँ कि इस शपथ पत्र में वर्णित कड़िका 01 से लेकर 04 तक में वर्णित जानकारी मेरे संज्ञान के अनुसार सत्य एवं सहीं है, अतः आज दिनांक को मुकाम आरंग में इस शपथ पत्र पर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया ।

**शपथकर्ती**
**सुनिता**

**आम सूचना**

वाके मौजा ग्राम-नरदहा, प.ह.न.-00001, रा.नि.म. चंदखुरी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर-552/1 रकबा 0.4360 हेक्टेयर, खसरा नंबर-552/2 रकबा 0.4360 हेक्टेयर, खसरा नंबर-552/3 रकबा 0.4360 हेक्टेयर, एवं खसरा नंबर-552/4 रकबा 0.4360 हेक्टेयर इस तरह कुल खसरा संख्या 04 कुल रकबा 1.7440 हेक्टेयर है के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता राजेन्द्र पिता स्व. परमानंद, विनोद पिता स्व. परमानंद, उषा पिता स्व. परमानंद, संदीप चौबे पिता स्व. एस.सी. चौबे, स्वाति पिता स्व. एस.सी. चौबे, संध्या पिता स्व. एस.सी. चौबे सभी निवासी-नरदहा, जिला-रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि जिसका खसरा नंबर-552/1 रकबा 0.4360 हेक्टेयर, खसरा नंबर-552/2 रकबा 0.4360 हेक्टेयर, खसरा नंबर-552/3 रकबा 0.4360 हेक्टेयर, एवं खसरा नंबर-552/4 रकबा 0.4360 हेक्टेयर इस तरह कुल खसरा संख्या 04 कुल रकबा 1.7440 हेक्टेयर है जो कि ग्राम-नरदहा, प.ह.न.-00001, रा.नि.म. चंदखुरी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित है को मेरे पक्षकार क्रेता ने विक्रेता से क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया गया है एवं टोकन ब्याना अदा कर दिया है मात्र बैनामा पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय महाजन अथवा किसी पारिवारिक सदस्य अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 07 दिनों के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेवे। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति या उजर दावा हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।
सो सूचना जाने।
स्थान-रायपुर (छ.ग.)
दिनांक - 11.10.2025 **अधिवक्ता संत राज**
**मोबा. नं.- 98268-98271**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा०प्र०क० / /अ-6 (अ)/2024-25

रायपुर, दिनांक 10/10/2025
ग्राम-टिकरापारा प०ह०नं0-70

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (01) कृपादास पिता स्व. खगेश्वर दास, (02) राजेश्वरी दास पिता स्व. खगेश्वर दास, (03) पवित्र दास पिता स्व. खगेश्वर दास निवासी पुजारी नगर टिकरापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम टिकरापारा प०ह०नं0 70 तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 3/7 रकबा 3600 वर्गफुट भूमि आवेदकगण के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है। उक्त भूमि के ऑनलाईन रिकॉर्ड में भूमिस्वामियों का नाम क्रमशः खेमेश्वर पिता गोपीदास, पवित्रदास, रावेश्वरी दास पिता कृपादास दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। उपरोक्त ऑनलाईन राजस्व अभिलेखों में खेमेश्वर पिता गोपीदास के स्थान पर खगेश्वर पिता गोपीदास, पवित्रदास पिता खगेश्वर दास, रावेश्वरी दास पिता कृपादास के स्थान पर राजेश्वरी दास पिता खगेश्वर दास, कृपादास पिता खगेश्वर दास दर्ज कर अभिलेख दुरूस्त किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 29/10/2025 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **नायब तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)**

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मन को नियंत्रण करना बहुत जरूरी : स्वामी प्रकाश



**रायपुर।** प्रेम प्रकाश आश्रम शैलेंद्र नगर में 29वें वार्षिक उत्सव और पंच दिवसीय संगीतमय ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम जयपुर से पधारे आचार्य सद्गुरु स्वामी भगत प्रकाश महाराज ने अपनी अमृतमय वाणी में बताया कि मन को नियंत्रित करना बहुत जरूरी है, मन ही हमारे कर्मों का निर्माण करता है, भावे मन भक्ति कर भावे, विषय कमाए मन बड़ा चंचल है, मन से ही हम भाव भक्ति कर सकते हैं, मन से ही हम विषय वासनाओं की तरफ जा सकते हैं, जैसा मन में विचार चलता रहेगा, वैसी हमारी सोच होगी, जैसी हमारी सोच होगी, वैसा हमारा दैनिक आचरण होगा, मन में अगर भाव भक्ति है तो हमारा दैनिक आचरण भी भक्तिमय होगा। इस अवसर पर श्री प्रेम प्रकाश आश्रम में स्थापित लक्ष्मीनारायण भगवान व सतगुरु देव भगवान के स्थापित स्वरूपों की भी विशेष पूजा कर सिंगार किया और नवीन वस्त्र पहनाए गए।

### जिला सहकारी बैंक कर्मियों ने की वेतनवृद्धि की मांग

**रायपुर।** जिला सहकारी बैंक कर्मियों को वार्षिक वेतनवृद्धि नहीं होने साथ ही अन्यायपूर्ण रवैये से मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में याचिकाकर्ता देवेंद्र पाण्डेय ने डॉ. अमलोर पवनाथन कमेटी की सिफारिशों का हवाला देते हुए बताया कि कर्मचारी सेवानियम में किसी कर्मचारी को दिए जाने वाले दण्ड के अलावा किसी अन्य कारण से वार्षिक वेतनवृद्धि नही रोके जाने का स्पष्ट उल्लेख है। इसके बावजूद भी सहकारिता विभाग द्वारा कर्मचारियों को पांच वर्षों से वार्षिक वेतनवृद्धि जैसे मौलिक अधिकार से वंचित रखा गया है। आगे चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शासन उक्त विषय पर कोई गंभीर निर्णय नहीं लेता है तो बैंक में कार्यरत सभी कर्मचारी आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# नक्शा पास कराने वाले आवेदकों को चक्कर लगवाना बंद करें

**नगर निवेश विभाग की बैठक में महापौर मीनल चौबे की अधिकारियों को दो टूक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने नगर निवेश विभाग के अधिकारियों से कहा है कि निगम के 10 जोन में जो लोग नक्शा पास कराने आते हैं, उन्हें घुमाना फिराना बंद करें।

एक माह के भीतर आवेदक को नक्शा पास करके देना होगा, अन्यथा नगर निवेश अभियंता सीधे जवाबदेह होंगे। महात्मा गांधी सदन में नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की बैठक के दौरान महापौर ने अधिकारियों को तय समय सीमा के भीतर नक्शा पास करके देने हिदायत दी। दरअसल, भवन अनुज्ञा के लिए जोन दफ्तरों में आवेदन करने वालों को निर्धारित समय सीमा में नक्शा पास कराने में दिक्कत आ रही है। आवेदकों को इसके लिए चक्कर काटना पड़ रहा है। निर्धारित शुल्क जमा कराने के बाद भी आवेदकों को होने वाली परेशानी हो रही है। जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए महापौर मीनल चौबे ने नगर निवेश विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी रिहाइसी नक्शे एक महीने के भीतर पास कर आवेदकों को दिए जाएं। यदि इसमें अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित नगर निवेश विभाग के अभियंतागण सीधे जवाबदेह होंगे। इसमें किसी तरह कोताही नहीं चलेगी। महापौर मीनल चौबे ने निगम के नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की शनिवार को बैठक ली। इसमें उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी आवेदक को नगर निगम में मकान का नक्शा पास करवाने में कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। इस बात का नगर निवेश विभाग के अभियंता विशेष ध्यान रखें। तय समय सीमा के भीतर नक्शे पास करने सभी पंजीकृत आर्किटेक्ट और नागरिकों को जानकारी दे देवें कि आवेदन के साथ एक बार में सभी आवश्यक दस्तावेज आवेदन में लगाकर नक्शा पास करवाने आवेदन देवें, ताकि इसमें विलंब न हो।




### टाटीबंध से तेलीबांधा तक मार्ग विभाजक नो फ्लैक्स स्ट्रीट

महापौर ने जीई मार्ग में टाटीबंध से तेलीबांधा तक के मार्ग विभाग को नो फ्लैक्स स्ट्रीट घोषित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी जोन कमिश्नरों को नो वेंडिग क्षेत्रों में अभियान चलाकर उन्हें कब्जामुक्त करवाने हिदायत दी। इसके अलावा नगर निगम के दस जोनों में नए वेंडिग जोन विकसित करने अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग पर लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग अध्यक्ष मनोज वर्मा, अपर आयुक्त पंकज शर्मा, विनोद पांडेय,अधीक्षण अभियंता राजेश पी. नायडू, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन कमिश्नर, उपायुक्त, ईई, सहायक अभियंता, उप अभियंता और अन्य संबंधित कर्मचारी शामिल हुए।

**होम विजिट के माध्यम से पंजीयन कराए जाने की सुविधा**

# 25 हजार फीस, इसलिए घर बैठे रजिस्ट्री भी कम, 5 माह में 4 लोगों ने ही कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंजीयन विभाग ने आम लोगों की सुविधा, पारदर्शिता और दस्तावेजों की सुरक्षा के उद्देश्य से पंजीयन प्रणाली को डिजिटल और कैशलेस बनाया है। इसके तहत घर बैठे रजिस्ट्री कराने की सुविधा भी दी जा रही है, लेकिन यह सुविधा लोगों को भारी महंगी पड़ रही है। घर बैठे रजिस्ट्री कराने के लिए 25 हजार रुपए फीस पंजीयन विभाग वसूल रहा है, जिसके कारण घर बैठे बहुत कम लोग रजिस्ट्री करा रहे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार रायपुर में जब से यह सुविधा शुरू की गई है, तब से लेकर अभी तक सिर्फ 4 लोगों ने ही घर बैठे रजिस्ट्री कराई है।

### राज्य में एक मई से सुविधा लागू

राज्यभर के पंजीयन कार्यालयों में घर बैठे रजिस्ट्री कराने की सुविधा एक मई से लागू है। इस सुविधा के तहत ऑनलाइन विलेख निर्माण, साक्षात्कार और पंजीयन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। होम विजिट के माध्यम से पंजीयन कराए जाने की सुविधा और तत्काल अपॉइंटमेंट सहित पारिवारिक दान, हक त्याग आदि में पंजीयन फीस 500 रुपए तय की गई है, लेकिन घर बैठे रजिस्ट्री की पूरी प्रक्रिया के लिए 25 हजार रुपए फीस ली जा रही है। यह फीस लोगों को भारी पड़ रही है। इसके कारण लोग भी घर बैठे रजिस्ट्री कराना पसंद नहीं कर रहे हैं।



### दूसरे तहसील क्षेत्र की प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री भी घटी, इसमें भी लग रहा 25 हजार का झटका

दूसरे तहसील क्षेत्र की प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराना भी महंगी हो गई है। दूसरे तहसील क्षेत्र की रजिस्ट्री कराने की फीस भी 25 हजार रुपए निर्धारित है। इसके कारण अब दूसरे तहसील क्षेत्र की रजिसट्रियां भी गिने-चुने लोग ही करा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार सालभर में रायपुर पंजीयन कार्यालय में लगभग 60 से 70 रजिसट्रियां ऐसी हुई है, जो दूसरे तहसील क्षेत्र की प्रॉपर्टी की है। इन सभी लोगों को रजिस्ट्री के लिए 25-25 हजार रुपए अतिरिक्त फीस पटाना पड़ा है।

### इस तरह घर बैठे हो रही रजिस्ट्री

घर बैठे रजिस्ट्री के लिए भूमि रिकॉर्ड पोर्टल एनजीडीआरएस पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने के साथ स्टाम्प ड्यूटी का भुगतान करना होगा। इसके बाद घर बैठे सत्यापन के लिए उप-पंजीयक कार्यालय में आवेदन करना होगा। यह आवेदन ऑनलाइन आवेदन एवं दस्तावेज अपलोड करने से पहले भी लिया जा सकता है। इस आवेदन के आधार पर उप पंजीयक या पंजीयन विभाग के कर्मचारी संबंधित व्यक्ति के घर जाकर पंजी रजिस्टर तथा अन्य दस्तावेजों में उनका हस्ताक्षर कराएंगे। इन दस्तावेजों को बाद में ऑनलाइन रिकार्ड में चढ़ाया जाएगा। इस तरह रजिस्ट्री के बाद डिजिटल पंजीकरण प्रमाण पत्र मिलेगा।

# आवासीय गतिविधियों में लगातार सुधार कर रहा हाउसिंग बोर्ड : अनुराग सिंहदेव

**तकनीकी अधिकारी-कर्मियों के लिए कार्यशाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद के आडिटोरियम में शनिवार को मंडल के सभी तकनीकी अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए गुणवत्ता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं आवास मंत्री ओपी चौधरी की मंशानुसार मंडल लगातार अपनी आवासीय गतिविधियों में गुणात्मक सुधार कर रहा है। इसके लिए मंडल मुख्यालय से गाइडलाइन एवं नियम-प्रकिया के संबंध में दिशा निर्देश समय-समय पर जारी किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जहां देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, वहीं, हाउसिंग बोर्ड अपने स्थापना के 21 वर्ष पूर्ण कर चुका है। उन्होंने कहा है कि भवनों में जो छोटी-छोटी समस्याएं होती हैं उन्हें सुधार कर भवनों को हितग्राहियों के सुविधामूलक बनाना है। आवासों के निर्माण में गुणवत्ता नियंत्रण, समय बद्धता के लिए यह आवश्यक है कि निर्माण कार्य निर्धारित डिजाईन, मानक प्रावधानों का उपयोग और विशिष्टताओं के अनुसार पूर्ण हो, निर्माण कार्य के गुणवत्ता आश्वासन एवं गुणवत्ता नियंत्रण के लिए फील्ड में फील्ड स्टॉफ का सतत पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण आवश्यक है। उन्होंने लम्बे समय से रिक्त सम्पत्तियों के विक्रय हेतु मंडल द्वारा लागू की गई ओटीएस -॥ योजना के बहुत अच्छे प्रतिसाद के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आगामी महीने में मंडल लगभग 1500 करोड़ की नई आवासीय योजनाओं का शुभारंभ करेगा।



### प्रतिभागियों के प्रश्नों का किया समाधान

कार्यशाला में डीके रामटेक्कर ने भवनों के एलिवेशन, सेक्शन, ड्राइंग, विभिन्न तकनीकी विशिष्टताओं को विस्तार से बताया। साथ ही उन्होंने प्रतिभागी अभियंताओं के विभिन्न प्रश्नों का, डाउट्स का समाधान किया। अपर आयुक्त, हर्ष कुमार जोशी द्वारा गुणवत्ता जागरुकता कार्यशाला की उद्देशिका पर प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में अपर आयुक्त आरके राठौर, विनोद कुमार गहरवार ने विभिन्न निविदा प्रपत्रों, अनुबंध की शर्तों की जानकारी दी। अपर आयुक्त एचके वर्मा ने वर्कमेनशीप, लीकेज सीपेज समस्या के निदान, निर्माण सामग्री के परीक्षण, अपर आयुक्त एसके भगत, पूनम अग्रवाल ने निर्माण कार्यों में समय प्रबंधन, साईट सलेक्शन की मानिटरिंग, पीके सोनवानी, मुख्य लेखा अधिकारी ने वित्तीय प्रबंधन एवं बजट पर, सुनिल कुमार सिंह, मुख्य संपदा अधिकारी ने भवनों के आवंटन-आधिपत्य, कालोनी प्रबंधन-हस्तांतरण व हितग्राहियों से संवाद तथा राकेश कुमार पटेल, कार्यपालन अभियंता (विद्युत) ने विद्युतीकरण कार्यों के संबंध में अपना प्रस्तुतिकरण दिया। गुणवत्ता जागरूकता कार्यशाला में अपर आयुक्त एमडी पनारिया, अजीत सिंह पटेल, उपायुक्त जीपी प्रजापति, एसके शर्मा, मण्डल के समस्त कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं उप अभियंता उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप

## डिजिटल युग में मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करना सबकी सामाजिक जिम्मेदारी



**रायपुर।** चिकित्सकों के मुताबिक डिजिटल युग में जब सब कुछ डिजिटाइजेशन की ओर अग्रसर है, ऐसे में घर के छोटे बच्चों से लेकर किशोर, वयस्क और वृद्ध के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करना हम सबकी सामाजिक जिम्मेदारी बन गयी है। आंबेडकर अस्पताल के मनोरोग विभाग में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय के छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया। मनोरोग विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज साहू ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल बहुत आवश्यक है। आंबेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए।

## जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों की वेतनवृद्धि पर पंजीयक ने लगाई रोक

**रायपुर।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर के कर्मचारियों को विगत पांच वर्षों से वार्षिक वेतनवृद्धि नहीं दी जा रही है। सहकारिता पंजीयक द्वारा बैंक में प्रचलित सेवानियम के विपरीत डॉ. अमलोर पवनाथन कमेटी की सिफारिशों का हवाला देते हुए अन्य जिला सहकारी बैंकों एवं अपेक्स बैंक के लिए जारी आदेश से भिन्न, जिला सहकारी बैंक रायपुर एवं जगदलपुर हेतु बंधनकारी आदेश जारी किए गए हैं। कमेटी के जिस बिन्दु का उल्लेख कर इसे रोका गया है, वह बिन्दु बैंकों में नवीन भर्ती के मामले में लागू की जा सकती है। वेतनवृद्धि के मामले में पवनाथन कमेटी की सिफारिशें प्रदेश के किसी भी सहकारी बैंक में लागू नहीं हैं। सहकारी बैंक कर्मचारी सेवानियम में किसी कर्मचारी को दिये जाने वाले दण्ड के अलावा किसी अन्य कारण से वार्षिक वेतनवृद्धि नहीं रोके जाने का स्पष्ट उल्लेख है।

## मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फोरम का सम्मान समारोह आज

**रायपुर।** मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फोरम द्वारा शहीद स्मारक भवन में 12 अक्टूबर को सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में 400 बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो दिए जाएंगे। साथ ही टॉपर्स को मैडल भी प्रदान किए जाएंगे। फोरम के मीडिया प्रभारी मो. बशीर खान सिराजी ने बताया कि सम्मान समारोह में इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर सैयद सईद अहमद पुणे प्रोग्राम के मेहमान होंगे और प्रोग्राम की अध्यक्षता अल्ताफ हुसैन हाजी (आईएसएस) उप-महानिदेशक, राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय रायपुर करेंगे। बच्चों एवं बच्चियों को कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए शिरकतनामा दिया जा चुका है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शफीक भाई, जफर अमजद, मुबारक गौरी, नजर हुसैनी, नूर कुरैशी, आबिद खान, हसन कुरैशी, हाशिम भाई, रफीक खान, फाउंडर मेंबर्स का पूरा सहयोग रहेगा।

# जल जीवन मिशन में मल्टी विलेज ठेकेदारों को बिना काम एडवांस पेमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन का काम लगातार पिछड़ता जा रहा है। भुगतान के अभाव में काम लगभग ठप है। मल्टी विलेज के ठेकेदारों को बिना काम के एक्सेस भुगतान किए जाने की जानकारी आ रही है। सिंगल विलेज के ठकेदारों का भुगतान रोकने के लिए नए-नए आदेश किए जा रहे हैं। केंद्र से फंड न मिलने के कारण भुगतान में दिक्कत की बात अधिकारी स्वीकार कर रहे हैं, लेकिन एक दर्जन बड़े ठेकेदारों को काम पूरा किए बिना भुगतान दिया रहा है। उल्लेखनीय है कि मिशन के कार्यों को लेकर हर आइटम का इंम्पेनलमेंट किया गया है। उन कंपनियों से खरीदे जाने वाले आइटम की दर भी बाजार दर की तुलना में अधिक ली जा रही है। मार्च के बाद से भुगतान नहीं होने से ठेकेदार अधिक परेशान हैं। सिंगल विलेज के ठेकेदारों को 50-60 प्रतिशत भुगतान आपत्ति लगाकर रोका जा रहा है। उनके द्वारा किए गए कार्यों पर खामी निकालकर इसे लटकाने का काम हो रहा है। बताया जाता है कि मल्टी विलेज के ठेकेदारों को डिमांड पर्ची जारी कर भुगतान किया जा रहा है। ऐसे में तीन हजार से अधिक ठेकेदार नाराज हैं। उनका आरोप है कि जल जीवन मिशन वसूली मिशन बन बया है। यहां की स्थिति से विभागीय मंत्री को पूरी जानकारी है, लेकिन अफसर झूठी जानकारी दे रहे हैं।

खास खबर

### सिंगल विलेज ठेकेदारों के भुगतान काटने नए-नए तरीके

#### काम पूरा पर भुगतान नहीं

बताया गया है कि भुगतान को लेकर निर्माण एजेंसियों को पीछे हटना पड़ रहा है। संबंधित कई दस्तावेज उपलब्ध कराने में दिक्कतें हैं। निर्माण एजेंसियों का दावा है कि काम पूरा होने के बावजूद राशि नहीं मिलने से अन्य कार्यों को आगे बढ़ाने में दिक्कत होगी। हर घर नल से जल के प्रमाणन के बावजूद कई तकनीकी और दस्तावेजी आपत्ति लगाकर भुगतान रोके जा रहे हैं। सिंगल विलेज स्कीम में 50 लाख रुपए से 1 करोड़ तक के काम करने वाली सैकड़ों एजेंसी शामिल है।



#### राशि वापस करने का फरमान

विभागीय सूत्रों के मुताबिक हाल ही में 351 करोड़ की राशि राज्यांश मद से जारी किया गया था। कुछ एजेंसियों को भुगतान करने के बाद विभाग ने यह राशि ब्लॉक कर किसी को भुगतान नहीं किया गया। मिशन कार्यालय ने 15 दिन बाद राशि का उपयोग न होने के कारण वापस करने का फरमान जारी कर दिया गया। सभी जिलों से राशि वापस मंगा ली गई। बताया जा रहा है कि इस राशि को बड़े ठेकेदारों को बांटा जा रहा है।

## सोने-चांदी, वाहनों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक आइटमों की जमकर होगी खरीदारी

# पुष्य नक्षत्र पर बाजार होगा गुलजार, एक ही दिन में होगा डेढ़ हजार करोड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में धनतेरस से पहले 14 और 15 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र पर हर सेक्टर का बाजार गुलजार होगा। एक ही दिन में करीब डेढ़ हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है। सबसे ज्यादा सोने-चांदी की खरीदारी होगी।

■ जीएसटी कम होने का मिलेगा इस बार ग्राहकों को लाभ

प्रदेश में करीब आठ सौ करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है। इसके बाद मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में चार सौ करोड़, कपड़ा बाजार में दो सौ करोड़ और ऑटोमोबाइल सेक्टर में करीब दो सौ करोड़ का कारोबार होगा। इस बार जीएसटी कम होने का ग्राहकों को लाभ मिलेगा।

धनतेरस से पहले पुष्य नक्षत्र पर प्रदेशभर के बाजार में बूम रहेगा। पुष्य नक्षत्र में भी वाहन, कपड़ों, सोने-चांदी से लेकर हर तरह की खरीदी को शुभ माना जाता है। इसीलिए राजधानी रायपुर से लेकर प्रदेश के सभी शहरों में ग्राहक सुबह से लेकर रात तक खरीदारी करेंगे। पुष्य नक्षत्र इस बार भी दो दिनों का होने के कारण दूसरे दिन भी दोपहर तक जमकर खरीदारी होगी।



**सबसे ज्यादा बिकेगा सोना**

इस समय सोने की कीमत लगातार आसमान पर जा रही है। सोना सवा लाख के पार हो चुका है। इसी के साथ चांदी की कीमत भी डेढ़ लाख के पार है। कीमत में धनतेरस तक और इजाफा हो जाएगा। पुष्य नक्षत्र पर सराफा बाजार में सुबह से लेकर रात तक ग्राहकों का मेला लगेगा। निवेशक भी निवेश के लिए सोना खरीदेंगे। चांदी में निवेश करने वाले चांदी लेंगे। सराफा कारोबारियों के मुताबिक प्रदेश भर में आठ सौ करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी के मुताबिक दीपावली तक प्रदेश में तीन हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है।

### दो सौ करोड़ के बिकेंगे

कपड़ों का बाजार तो नवरात्रि के समय ही गुलजार है। यहां पर लगातार खरीदारी हो रही है। पुष्य नक्षत्र पर भी बाजार गुलजार रहेगा। पंडरी कपड़ा बाजार एसोसिएशन के संरक्षक चंदर विधानी के मुताबिक प्रदेश के शहरों के साथ आस-पास के राज्यों के कारोबारी भी खरीदारी करने लगातार पहुंच रहे हैं। इसी के साथ लोकल ग्राहक आ रहे हैं। दीपावली के बाद शादियों का सीजन भी रहेगा, ऐसे में पुष्य नक्षत्र में प्रदेश भर में दो सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार रेडीमेड को मिलकर होने का अनुमान है। नवरात्रि से लेकर दीपावली तक प्रदेश में तीन हजार करोड़ का कारोबार होगा।

### ज्यादा बिकेंगे वाहन

पुष्य नक्षत्र पर वाहनों की खरीदारी को भी बहुत शुभ माना जाता है। ऐसे में धनतेरस की तरह ही वाहन बिकते हैं, लेकिन धनतेरस से कारोबार कुछ कम होता है। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश भर में करीब पांच हजार बाइक और करीब तीन सौ चार पहिया वाहन बिकने का अनुमान है। कुल मिलाकर प्रदेश भर में ऑटोमोबाइल सेक्टर में दो सौ करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है। फाडा के छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विवेक गर्ग के मुताबिक पुष्य नक्षत्र पर भी नवरात्रि की तरह अच्छा कारोबार होने का अनुमान है। इस बार जीएसटी कम होने के कारण वाहन ज्यादा बिकेंगे।

### मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स में बरसेंगे 400 करोड़

मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में भी दो दिनों तक खरीदारी होगी। कारोबारी राजेश वासवानी के मुताबिक आज का दौर युवाओं का दौर है। इस दौर में महंगे गैजेट लेने का चलन ज्यादा है। ऐसे में 50 हजार से लेकर डेढ़ से दो लाख तक के मोबाइल की बिक्री ज्यादा हो रही है। इसी तरह से इलेक्ट्रॉनिक्स में अगर एलईडी की बात करें तो एक लाख से दो लाख तक के एलईडी को ज्यादा पसंद किया जाता है। कम रेंज वाली एलईडी भी मध्यम वर्ग के लोग लेते हैं। इसी के साथ एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, लैपटॉप, कंप्यूटर होम थिएटर आदि की भी जमकर खरीदारी होती है। जीएसटी कम होने के कारण लोगों को दस फीसदी तक कम पैसे लग रहे हैं, ऐसे में पूरे प्रदेश में मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स को मिलाकर चार सौ करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है।

# नो पार्किंग में बस पार्क, 675 संचालकों के खिलाफ ई-चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



बस संचालकों की मनमानी पर अंकुश लगाने ट्रैफिक पुलिस ने पिछले तीन दिनों से अभियान चलाकर 675 बस संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ई-चालान काटकर कार्रवाई की है। बस संचालकों के खिलाफ कार्रवाई रिंग रोड में बस पार्क करने के साथ सवारी उतारने चढ़ाने को लेकर की गई है। बस संचालकों को पूर्व में ट्रैफिक पुलिस ने रिंग रोड में बस पार्क नहीं करने चेतावनी दी थी। बावजूद इसके बस ड्राइवर रिंग रोड के दोनों तरफ बस रोक कर सवारी उतारने चढ़ाने का काम रहे थे। इस वजह से ट्रैफिक पुलिस ने बस संचालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

■ टूरिस्ट परमिट की इंटर स्टेट टर्मिनल में बस पार्क करने पर होगी कार्रवाई

ट्रैफिक पुलिस ने पिछले दिनों 46 बस संचालकों की बैठक कर रिंग रोड तथा व्यस्त मार्गों में गाड़ी खड़ी कर सवारी चढ़ाने उतारने पर रोक लगाई थी। बावजूद इसके बस ड्राइवर चेतावनी की अनदेखी करते हुए मनमानी करते हुए बसों में सवारी उतार चढ़ा रहे थे। इस बात की जानकारी मिलने पर एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने बस संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने निर्देश दिए।

### प्रति मिनट एक बस, स्टैंड से निकलती है

राजधानी के इंटर स्टेट बस टर्मिनल से रोजाना नौ सौ बसों का संचालन होता है। इस लिहाज से प्रति मिनट एक बस इंटर स्टेट बस टर्मिनल से निकलती है। ज्यादातर सवारी इंटर स्टेट के बजाय हाईवे में बस में उतरती चढ़ती हैं। ट्रैफिक पुलिस ने बीच रोड में बस में उतरने चढ़ने वालों के लिए व्यवस्था बनाई है। रिंग रोड में बस खड़ी करने से ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसके कारण कई दफा एक्सीडेंट की घटनाएं हो चुकी हैं।

### टूरिस्ट बस संचालकों को चेतावनी

इंटर स्टेट बस टर्मिनल में टूरिस्ट परमिट से संचालित बसों की पार्किंग करने पर रोक है। बावजूद इसके टूरिस्ट परमिट पर संचालित बसों के संचालक अपनी बस इंटर स्टेट बस टर्मिनल में बस पार्क करते हैं। इसके चलते व्यवस्था बिगड़ती है। ट्रैफिक पुलिस ने टूरिस्ट परमिट पर संचालित बसों के संचालकों को इंटर स्टेट टर्मिनल में बस पार्क नहीं करने की चेतावनी दी है।

## पेज 3 के शेष

### मानसून विदाई का ....

वाले तीन-चार दिनों में रायपुर से मानसून की वापसी होने की संभावना है। शरद ऋतु की शुरुआत होने के साथ ठंड जैसा महौल बनने लगा है और दिन की लंबाई घंटेभर कम हो गई है। पूर्व में सुबह 5.30 बजे होने वाला सूर्योदय का वक्त अब 5.59 हो गया है। इसी तरह सूर्यास्त का समय भी 6.30 के बजाए 5.43 बजे हो चुका है। रात के मौसम में थोड़ी ठंडकता भी महसूस होने लगी है। इधर राज्य से दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई के लिए परिस्थिति अनुकूल हो गई है। अगले दो-तीन दिन के भीतर इसकी शुरुआत उत्तर और मध्य हिस्से से होने के साथ 15 अक्टूबर के आसपास पूरे प्रदेश से लौटने के आसार बन रहे हैं। राज्य में रेनी सीजन 30 सितंबर को समाप्त हो चुका है और 15 दिनों से यहां पोस्ट मानसून की गतिविधियां बनी हुई हैं। खासकर रायपुर समेत मध्य इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। शनिवार को शहर में दिनभर बादल छाए रहे और अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री नीचे होकर 30 डिग्री सेल्सियस पर अटका रहा। इसके पूर्व रात का पारा सामान्य स्थिति यानी 22 डिग्री तक पहुंचा। पिछले चौबीस घंटे में अंतागढ़ में 9, मैनपुर में 7, लोहंडीगुड़ा, राजनांदगांव में 6, बालोद में 5, भानुप्रतापुर में 4 सेमी. तक बारिश हुई।

### वेंटिलेटर पर पहुंची ....

कंपनी संभाल रही है। डॉयल-112 सेवा का संचालन करने अब तक टेंडर नहीं हो पाया है। सी-डैक को तकनीकी काम शासन के निर्देश पर पिछले महीने ही दिया गया है। वर्तमान में डॉयल-112 की 240 गाड़ियां अलग-अलग जिलों में संचालित हो रही हैं।

### बेंगलुरु-पुणे का ....

विकल्प है, मगर कुछ सेक्टर ऐसे हैं, जहां एक फ्लाइट की संचालित होती है, ऐसे शहरों का किराया बढ़ने लगा है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक छत्तीसगढ़ के काफी लोग दूसरे राज्यों में जाकर नौकरी करते हैं और त्योहार में छुट्टियां मनाने यहां आते हैं। इसकी वजह से दीपावली में भी यात्रियों की संख्या में इजाफा हो जाता है और इसका प्रभाव विमान के टिकटों पर नजर आता है। दीपावली में अभी सप्ताहभर से ज्यादा का समय शेष है, मगर प्लाइट में यात्रियों के साथ टिकटों के दाम में बढ़ गए है। बेंगलुरु के लिए रायपुर से दो फ्लाइट चलती है जिसका किराया दीपावली तक 15 से 17 हजार तक पहुंच गया है। वहीं पुणे की एक फ्लाइट से रायपुर आने वाले यात्रियों को इसके लिए 18 से 20 हजार रुपए तक देना पड़ रहा है। ट्रैवल्स कारोबारियों का यह भी कहना है कि अभी रायपुर आने का किराया अधिक है, मगर त्योहार बीतने के बाद यहां से दूसरे शहर जाने वालों को अधिक फेयर देना पड़ेगा।

**नयी उड़ान त्योहार के बाद :** माह के अंत में लागू होने वाले विंटर शेड्यूल में कुछ पुराने शहरों के लिए नयी फ्लाइट संचालित किए जाने की तैयारी है। दिल्ली-रायपुर के बीच इंडिगो अपनी पांचवीं उड़ान शुरू करने की तैयारी में है। इसकी घोषणा हो चुकी है और टिकटों की बुकिंग भी शुरू की जा चुकी है। रायपुर से दिल्ली के बीच प्रतिदिन काफी संख्या में यात्रियों की आवाजाही होती है। यहां के लिए एयर इंडिया भी अपनी दो उड़ानों का संचालन करती है।

**यात्रियों की संख्या भी 50 हजार हो चुकी :** रायपुर से विभिन्न शहरों के लिए आवाजाही करने वाले यात्रियों की संख्या पचास हजार तक पहुंच चुकी है। जितने यात्री अभी शहर से जा रहे है उतने ही वापस लौट रहे हैं। इस सप्ताह से शहर ससे बाहर जाने वालों के बजाए आने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ जाएगी। माना जा रहा है कि अगले पंद्रह दिनों तक रायपुर एयरपोर्ट में यात्रियों की गहमागहमी बनी रहेगी।












#Rajesh
Ajay Advt.